www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 37 || अम्बेडकरनगर
मंगलवार
28 अप्रैल 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदयः 05:32
सूर्यास्तः 06:37
अधिकतमः 40°00
न्यूनतमः 27°00



पेज 07
विशेष समाचार | क्षेत्रवार कृषि नीति, नकली... >> पेज 04 | महिला डॉक्टर ने की खुदखुशी... >> पेज 06 | साउथ एक्ट्रेस पर लगे धोखाधड़ी...

## पश्चिम बंगाल के धानेखाली विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में की जनसभा

# 'टीएमसी ने बंगाल को किया कंगाल'



सीएम ने कहा- कभी कला, साहित्य और औद्योगिक समृद्धि के लिए पहचान रखने वाले बंगाल को बदहाली की ओर धकेल दिया गया

### ममता के मौन और अन्याय के खिलाफ बंगाल मुखर

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हाल में तारकेश्वर में भगवान तारकनाथ के दर्शन करके आया हूं। अगर यहां डबल इंजन की भाजपा सरकार होती, तो तारकनाथ मंदिर में काशी विश्वनाथ की तर्ज पर भव्य कॉरिडोर बनता, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलतीं और एक-एक व्यापारी को भी व्यवस्थित रूप से अपना व्यवसाय करने का अवसर प्राप्त होता। बंगाल में भारत की सनातन परंपरा के बारे में बोलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।



15 वर्ष से तृणमूल कांग्रेस की अराजकता से परेशान बंगाल के नागरिक सुशासन की आस में योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जयश्रीराम का उद्घोष करते दिखे। बीच-बीच में 'वंदे मातरम, भारत मां, हिंदू सम्राट, बुलडोजर बाबा' की जयकार से गूंज रहे कल्याणी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सीएम योगी से कह रहे थे कि बुलडोजर को दंगाइयों का काल बनाएं। सीएम योगी ने भी आश्वस्त किया कि 4 मई के बाद बंगाल में माफियाराज समाप्त हो जाएगा।

### जनसभा

तमसा संकेत, एजेंसी

हुगली। पश्चिम बंगाल के धानेखाली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंगाल की वर्तमान स्थिति पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कभी कला, साहित्य और औद्योगिक समृद्धि के लिए पहचान रखने वाला बंगाल आज बदहाली की ओर धकेल दिया गया है। पहले कांग्रेस, फिर वामपंथी सरकारों और पिछले 15 वर्षों से टीएमसी ने बंगाल को कंगाल कर दिया है। जब हम जय श्रीराम या हर-हर महादेव का नारा लगाते हैं तो ममता दीदी डर जाती हैं। उन्हें सत्ता हिलती हुई नजर आती है। बंगाल की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है। "जय श्रीराम", मां दुर्गा की पूजा और मूर्ति विसर्जन की शोभायात्रा पर प्रतिबंध लगाया जाता है। लेकिन, ममता दीदी सड़कों पर नमाज पढ़वाती हैं और इफ्तार की दावत करवाती हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### 'भगवान', भगवा और भाजपा नेतृत्व में 'विश्वास' की जीत का आश्वासन

सीएम योगी के रथ के आगे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, मां सीता, लक्ष्मण व संकटमोचन हनुमान के वेष में कलाकार चल रहे थे। आध्यात्मिक धरा पर इस वेशभूषा में कलाकारों को देख हर कोई उनके प्रति श्रद्धा निवेदित करता रहा। वहीं पूरे रोड-शो के मार्ग में भगवा व भाजपा का ध्वज फहराता दिखाई दिया। कल्याणी विधानसभा क्षेत्र में उमड़े जनसैलाब ने एक तरह से सीएम योगी को आश्वस्त किया कि यहां 'भगवान', भगवा व भाजपा के नेतृत्व में आपके विश्वास (भाजपा प्रत्याशी अनुपम विश्वास) की ही जीत होगी।



डबल इंजन की सरकार में "जय श्रीराम" बोलने पर प्रतिबंध नहीं होगा, लेकिन सड़कों पर इफ्तारी की दावत जरूर बंद जरूर हो जाएगी: मुख्यमंत्री

### बंगाल की डेमोग्राफी को बदलने की साजिश

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की इस पावन धरा ने श्री चैतन्य महाप्रभु को जन्म दिया, जिन्होंने हरि-कीर्तन के माध्यम से "हरे राम-हरे कृष्ण" का शंखनाद किया था। इसी धरा में स्वामी विवेकानंद ने दुनिया के हिंदुओं को संदेश दिया था कि "गर्व से कहो हम हिंदू हैं।" आज जब टीएमसी सरकार बंगाल की डेमोग्राफी को साजिश के तहत बदलने की कोशिश कर रही है, तब स्वामी विवेकानंद जी का यह उद्घोष हम सबको एक नई प्रेरणा दे रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)



'वंदे मातरम, जयश्रीराम, भारत माता' के साथ ही 'हिंदू सम्राट व बुलडोजर बाबा' के जयकारों से गूंजा कल्याणी विधानसभा क्षेत्र

सीएम योगी ने बीजेपी प्रत्याशी अनुपम विश्वास के लिए किया रोड-शो, साथ में रहे भाजयुमो अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या

- बंगाल का उत्साह बता रहा- टेरर, माफियाराज व कटमनी की सरकार से मिलेगी मुक्तिः मुख्यमंत्री
- सीएम योगी के रोड-शो में उमड़ा जनसमुद्र, महिलाएं, बुजुर्ग व युवा मोबाइल में कैद करते रहे योगी की झलक, मुख्यमंत्री ने भी पुष्प वर्षा कर बंगालवासियों का किया अभिनंदन
- बाबा से बोले बंगाल के मतदाता- बुलडोजर को बनाएं दंगाइयों का काल
- कहा- बंगाल को अब टीएमसी से मुक्ति दिलाने का समय

### मुंबई में तरबूज खाने से पति-पत्नी, दो बेटियों की मौत

मुंबई । मुंबई के जे.जे. मार्ग इलाके में एक ही परिवार के चार सदस्यों की तरबूज खाने से मौत हो गई। मृतकों में अब्दुल्ला अब्दुल कादर (40), उनकी पत्नी नसरिन (35) और उनकी बेटियां जैनब (13) और आयशा (16) शामिल हैं। पुलिस ने फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई है।

पुलिस के मुताबिक, 25 अप्रैल को परिवार ने अपने घर पर एक गेट-टुगेदर पार्टी रखी थी। इसमें कुछ रिश्तेदार आए थे। परिवार ने मेहमानों के साथ बिरयानी खाई थी। इसके बाद कपल और उनकी दोनों बेटियों ने तरबूज खाया। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। सभी को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें जे.जे. अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक के बाद एक चारों परिवार के सदस्यों की मौत हो गई।

## आप चंद करप्ट और कॉम्प्रोमाइज्ड लोगों की पार्टी बनी : राघव चड्ढा

### पर्सनल फायदे के लिए काम कर रहे वर्क एनवायर्नमेंट टॉक्सिक

आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

चंडीगढ़ । आम आदमी पार्टी (AAP) छोड़ BJP जॉइन करने के बाद राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पहला वीडियो जारी किया। राघव चड्ढा ने कहा कि AAP में टॉक्सिक वर्क एन्वॉयरमेंट हो गया था। काम करने-बोलने से रोका जा रहा था। यह पार्टी अब चंद करप्ट और कॉम्प्रोमाइज लोगों के हाथ में फंसकर रह गई है। ये पर्सनल फायदे के लिए काम करते हैं।

राघव ने कहा कि मैं गलत हो सकता हूं लेकिन कुल 7 सांसदों ने पार्टी छोड़ी तो क्या सारे गलत हो गए। इससे पहले भी जिन लोगों ने पार्टी छोड़ी, क्या वह भी गलत हो



- लोग बीजेपी में जाने का कारण जानना चाह रहे
- 15 साल आप को दिए, लेकिन ये वह पार्टी नहीं

गए। मैं पार्टी का फाउंडर मेंबर रहा। जिस मकसद से यह पार्टी बनी थी, अब ये वह पार्टी नहीं रही। मेरे पास 3 ऑप्शन थे, मैंने पार्टी छोड़ना ही उचित समझा। इसी बीच राज्यसभा ने AAP के 7 सांसदों और BJP के मर्जर को मंजूरी दे दी है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## अखिलेश यादव ने बोर्ड टॉपर्स को दी बधाई किया सम्मानित

### हाईस्कूल और इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को आईपैड भेंट

सम्मान

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री Akhilesh Yadav ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के सभी टॉपर छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इन मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत से न सिर्फ अपने विद्यालय बल्कि परिवार और समाज का नाम भी रोशन किया है।

उन्होंने टॉपर्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे





समाजवादी पार्टी की ओर से इन छात्राओं की उपलब्धि को सराहते हुए इसे प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया गया।

प्रतिभाशाली छात्र देश का भविष्य हैं और उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस अवसर पर Akhilesh Yadav ने पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा की उपस्थिति में मेधावी छात्राओं को सम्मानित भी किया। उन्होंने हाईस्कूल और इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सुश्री अंशिका वर्मा, कशिश वर्मा और शिखा वर्मा को आईपैड भेंट किए।

>> (शेष पेज 06 पर)

### फास्ट न्यूज

#### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिमला पहुंचीं

शिमला । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज (सोमवार) शिमला पहुंच गई हैं। उनका हेलिकॉप्टर छराबड़ा स्थित कल्याणी हेलिपेड पर उतरा। इस दौरान हिमाचल के गवर्नर कविंदर गुप्ता, सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू व अन्य ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति के काफिले में तीन हेलिकॉप्टर दिल्ली से शिमला पहुंचे।

कार्यक्रम | दौरा

#### पीएम मोदी सिक्किम पहुंचे, गंगटोक में रोड शो किया

गंगटोक। पीएम मोदी सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंच गए हैं। वे सोमवार दोपहर 3 बजे गंगटोक पहुंचे। जिसके बाद लिबिंग हेलिपैड से गवर्नर हाउस (लोक भवन) तक उन्होंने रोड शो किया। मोदी दो दिवसीय सिक्किम दौरे पर हैं। कल वे राज्य के 50वें स्थापना दिवस समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे और 4000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। 16 मई 2025 को सिक्किम को राज्य बने 50 साल पूरे हुए थे। तब पीएम वर्चुअली 50वें स्थापना दिवस समारोह से जुड़े थे। मंगलवार को एक साल से चल रहे समारोह का समापन होगा।

#### सूरत की एसबीआई ब्रांच में 50 लाख रुपए की लूट

सूरत । गुजरात में सूरत के वराछा इलाके में सोमवार को SBI ब्रांच से हथियारबंद लुटेरे 50 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। 5 से 6 बदमाशों ने कर्मचारियों को बंदूक दिखाकर बंधक बना लिया था। पुलिस के मुताबिक, लुटेरे नकदी जमा होने के दौरान बैंक में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। लूट के बाद आरोपी स्पोर्ट्स बाइक से भाग निकले।


## जस्टिस स्वर्णकांता से न्याय की उम्मीद खत्म :केजरीवाल

### उनके बेटे को केंद्र से सबसे ज्यादा केस मिले

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को वीडियो जारी कर कहा, 'शराब नीति घोटाला मामले में मैं हाईकोर्ट में न खुद पेश होऊंगा और न ही कोई मेरी तरफ से दलीलें रखेगा।' उन्होंने कहा, हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है।

पूर्व सीएम ने जस्टिस स्वर्णकांता को लेटर भी लिखा। इसमें कहा, 'मैंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए महात्मा गांधी के सत्याग्रह का रास्ता अपनाने का फैसला किया है। इसकी वजह है कि जस्टिस स्वर्णकांता के दोनों बच्चे केंद्र सरकार के वकील के पैनल का हिस्सा हैं। इसमें साफ तौर पर हितों का टकराव दिखता है।' उन्होंने कहा, 'सॉलिसि-



- शराब घोटाला मामले में हाईकोर्ट नहीं जाऊंगा - केजरीवाल

टर जनरल तुषार मेहता दोनों बच्चों को केस देते हैं। उनके बेटे को 2023 से 2025 के बीच करीब 5904 केस मिले। अगर जज के बच्चों का भविष्य सॉलिसिटर जनरल तय कर रहे हैं तो क्या जज साहिबा उनके खिलाफ फैसला सुना पाएंगी।'

>> (शेष पेज 06 पर)

## ईरानी विदेश मंत्री ने पुतिन से की मुलाकात

### रूसी राष्ट्रपति बोले- ईरान अपनी आजादी के लिए लड़ रहा, ट्रम्प अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे

बैठक

तमसा संकेत, एजेंसी


वॉशिंगटन डीसी/तेहरान । ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। बैठक में रूस ने ईरान के प्रति खुला समर्थन जताया।

रूसी मीडिया के मुताबिक, पुतिन ने कहा कि ईरानी जनता साहस और वीरता के साथ अपनी आजादी और संप्रभुता के लिए लड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई का संदेश मिला है।

>> (शेष पेज 06 पर)



मॉस्को में मुलाकात के दौरान अराघची और पुतिन ने हाथ मिलाए।



बैठक में पुतिन के साथ रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी मौजूद रहे।

#### यूएस नेवी के रिफ्यूलिंग ड्रोन एमक्यू-25 की पहली टेस्ट फ्लाइट सफल

अमेरिकी नौसेना के लिए तैयार किए जा रहे रिफ्यूलिंग ड्रोन MQ-25 स्टिंगरे की पहली टेस्ट फ्लाइट सफल रही है। दो घंटे की उड़ान के दौरान ड्रोन ने टेकऑफ, हवा में उड़ान, लैंडिंग और कंट्रोल सिस्टम के कमांड्स पर काम करने की क्षमता दिखाई। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, ड्रोन ने रनवे पर चलना, सुरक्षित उड़ान भरना, तय रास्ते पर उड़ना और सुरक्षित लैंडिंग करना जैसे टास्क सफलतापूर्वक पूरे किए।

#### 'ईरान के पास बहुत कम वक्त बचा है'

ट्रम्प ने रविवार को ईरान को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि उसके पास युद्ध खत्म करने के लिए सीजफायर पर सहमत होने के लिए सिर्फ तीन दिन हैं, नहीं तो उसकी तेल पाइपलाइन में ब्लास्ट हो जाएगा।

फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान तेल का निर्यात नहीं कर पाता, तो पाइप-लाइन में दबाव बढ़ेगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि तेल को जहाजों या स्टोरेज टैंकों में भेजने का रास्ता बंद है और उस पर नाकेबंदी लगी हुई है। उन्होंने दावा किया कि जब तेल का बहाव अचानक रोकना पड़ता है, तो पाइपलाइन के अंदर दबाव बनता है और तकनीकी व प्राकृतिक कारणों से वह फट सकती है। ट्रम्प के मुताबिक, अगर ऐसा हुआ तो पाइपलाइन को पहले जैसी हालत में दोबारा बनाना लगभग नामुमकिन होगा और उसकी क्षमता भी काफी घट जाएगी। अमेरिका ने कहा है कि वह मीडिया के जरिए ईरान से बातचीत नहीं करेगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### मौसम : बीकानेर-गंगानगर में ओले गिरे बिहार में गर्मी से 2 मौतें

## राजस्थान में गर्मी के बीच बारिश

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ । देश में भीषण गर्मी जारी है। राजस्थान, यूपी और महाराष्ट्र के 7 शहरों में रविवार को तापमान 46°C के पार चला गया। महाराष्ट्र का अकोला 46.9°C के साथ देश में सबसे गर्म रहा।

अमरावती 46.8°C, बांदा 46.6°C, वर्धा और बाड़मेर 46.4°C, जैसलमेर और यवतमाल 46°C तापमान के साथ हीटवेव की चपेट में हैं। इस बीच राजस्थान के बीकानेर और गंगानगर में सोमवार को बारिश के साथ ओले गिरे।

यूपी के 60 जिलों में लू का अलर्ट है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पहली बार तापमान 45°C पहुंचा। इंदौर-भोपाल में भी पारा 43°C पर बना हुआ है। उत्तराखंड के देहरादून में गर्मी के चलते 12वीं तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

बिहार के 8 जिलों में रविवार को पारा 40°C के पार चला गया। यहां गर्मी से दो मौतों की खबर है। नेपाल बॉर्डर से सटे जिलों में आंधी और बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। ओडिशा में जनगणना के काम में लगे दो शिक्षकों की पिछले दो दिनों में हीटस्ट्रोक से मौत हो गई।

बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हीटवेव चलेगी। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में गर्म रातें रहने की भी आशंका है।

>> (शेष पेज 06 पर)



राजस्थान के उदयपुर में रविवार दोपहर अचानक हुई बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली।

देश के 7 शहरों में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पार



कोलकाता में बच्चों ने गर्मी भगाने का एक नया तरीका निकाला। रिक्शे में लगी तिरपाल में पानी भरकर स्विमिंग पूल बना लिया। यहां पारा 34.6°C रहा।

#### एमपी-राजस्थान और बिहार के कुछ हिस्सों में बारिश हुई

राजस्थान में रविवार को दिनभर तेज धूप, गर्मी के बाद शाम करीब 4 बजे बाद जैसलमेर, बीकानेर, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, भोपालगढ़ (जोधपुर) के आसपास बादल छाए। कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने 27 अप्रैल को 5 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है

बिहार के कई जिलों में रविवार को मौसम ने करवट ली। सुपौल, रक्सौल और मधुबनी समेत 10 जिलों में जोरदार बारिश हुई। दरभंगा में काले बादल से दिन में अंधेरा छा गया।

>> (शेष पेज 06 पर)

## टीएमसी सांसद मिताली की कार पर ईंट पत्थर से हमला

### सांसद, उनका ड्राइवर घायल 3 भाजपा कार्यकर्ता अरेस्ट

घायल

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हुगली में सोमवार को TMC सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। हमला उस वक्त हुआ, जब मिताली बाग गोगहाट से आरामबाग में अभिषेक बनर्जी के रोड शो में शामिल होने जा रही थीं। हमले में कार के शीशे टूट गए। सांसद और उनके ड्राइवर को चोट आई है।

दोनों को आरामबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले के बाद कैमरे के सामने मिताली बाग फूट-फूटकर रो पड़ीं। उन्होंने कहा, 'मेरी गाड़ी की हालत देखिए। उन लोगों ने बड़े-बड़े पत्थर फेंके। मैं किसी तरह जान



- टीएमसी बोली- शाह की धमकी के बाद हमला

बचाकर निकली हूं।' TMC का आरोप है कि भाजपा समर्थकों ने गोगहाट में सांसद की गाड़ी पर ईंट-पत्थर और लाठियों से हमला किया। TMC ने X पर पोस्ट कर कहा- गृह मंत्री अमित शाह ने धमकी दी थी कि जो भी घर से बाहर निकलेगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा। उसी के बाद यह हमला हुआ।

>> (शेष पेज 06 पर)

## योगी सरकार का बड़ा अभियान, नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की नई नींव रख रही है योगी सरकार की मुहिम

# हर कार्यस्थल बनेगा महिलाओं के लिए सुरक्षित : सीएम योगी

अभियान

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान ने प्रदेशव्यापी जन आंदोलन का रूप ले लिया है। इसी कड़ी में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में महिलाओं की सुरक्षा और यौन उत्पीड़न से संरक्षण संबंधी कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष)



अधिनियम, 2013 ('पॉश' एक्ट) के प्रावधानों के प्रति प्रतिभागियों और आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

दस से अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है, जबकि जिला स्तर पर स्थानीय समिति शिकायतों की सुनवाई करती है। शिकायत दर्ज

- योगी सरकार का बड़ा अभियान, हर कार्यस्थल बनेगा महिलाओं के लिए सुरक्षित
- प्रत्येक जिले में नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएंगे 'पॉश' से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम
- 'पॉश' अधिनियम के अलावा कामकाजी महिलाओं के वित्तीय और कानूनी अधिकारों पर भी हो रही चर्चा
- 'पॉश' अधिनियम पर जागरूकता खोलेगी महिलाओं के अधिकारों की नई राह

करने की समय-सीमा तीन महीने है, जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है। 90 दिनों के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करना जरूरी है। यह अधिनियम महिला की गोपनीयता की रक्षा करता है और दोष सिद्ध होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई या जुर्माना करने का नियोक्ता को अधिकार है। नियोक्ता का दायित्व है कि कार्यस्थल सुरक्षित बने, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हों और समिति की सिफारिशों का पालन हो।

### महिलाओं के वित्तीय और कानूनी अधिकारों पर दिया गया जोर

अभियान में 'पॉश' अधिनियम के अलावा कामकाजी महिलाओं के वित्तीय और कानूनी अधिकारों पर भी चर्चा की जा रही है। मातृत्व अवकाश के लाभ, समान कार्य के लिए समान वेतन का अधिकार, कार्यस्थल पर स्वास्थ्य-सुरक्षा प्रावधान, श्रमिक कानूनों के तहत विशेष सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग और बीमा योजनाओं तक पहुंच जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों ने अपने संबोधन में कहा कि आर्थिक सशक्तीकरण ही वास्तविक महिला सुरक्षा का आधार है।

अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत 'पॉश' अधिनियम के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। अधिनियम कार्यस्थल पर शारीरिक, मौखिक या गैरमौखिक आचरण को, जो महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, यौन उत्पीड़न की श्रेणी में परिभाषित करता है।

### अधिकारी, कर्मचारी, छात्राएं बन रहीं अभियान का हिस्सा

जागरूकता अभियान में सरकारी-निजी कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य, कॉलेज छात्राएं, अधिवक्ता, श्रमिक संगठन और स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महिला सशक्तीकरण मुहिम का हिस्सा यह अभियान कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतिकार) अधिनियम, 2013 (पॉश) और कामकाजी महिलाओं के वित्तीय-कानूनी अधिकारों पर केंद्रित है, जो नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में नया आयाम जोड़ रहा है।

## अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा प्रतिनिधिमंडल फिर जाएगा गाजीपुर

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ/गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री Akhilesh Yadav के निर्देश पर पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल 28 अप्रैल 2026 को एक बार फिर गाजीपुर जाएगा। यह प्रतिनिधिमंडल जनपद के सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कटरिया (थाना करंडा) में दुष्कर्म और हत्या की शिकार हुई नाबालिग के परिवार से मुलाकात करेगा। जानकारी के अनुसार, ग्राम कटरिया निवासी सियाराम विश्वकर्मा की नाबालिग पुत्री के साथ दबंगों ने दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को गंगा नदी में फेंक दिया था। इस घटना से क्षेत्र में गहरा आक्रोश है। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल 28 अप्रैल को सुबह 9 बजे पीड़ित परिवार से मिलेगा और आर्थिक सहायता के रूप में 5 लाख रुपये प्रदान करेगा। इसमें 2 लाख रुपये विश्वकर्मा समाज की ओर से तथा 3 लाख रुपये समाजवादी पार्टी की ओर से दिए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में रामआसरे विश्वकर्मा (राष्ट्रीय

- कटरिया गांव की नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या मामले में 5 लाख की आर्थिक सहायता, पहले दौरे में हुआ था पथराव

सचिव, सपा/पूर्व मंत्री), जयकिशन साहू (विधायक), सीमा राजभर (राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजवादी महिला सभा) और रीता विश्वकर्मा (सपा नेता) शामिल रहेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले 22 अप्रैल 2026 को भी सपा का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने गाजीपुर जा रहा था, लेकिन रास्ते में उन पर पथराव किया गया था, जिसमें कई नेता घायल हो गए थे।

फास्ट न्यूज

### गौ माता की पीड़ा देखी नहीं जाती' सीएम से मिलने की जिद पर अड़ा युवक

लखनऊ। गौ सेवक दीपक कुमार ने सीएम चौराहे पर प्रदर्शन किया। भगवा वस्त्र पहनकर, गले में पोस्टर टांगे दीपक गाय को राष्ट्रीय गौ माता का दर्जा देने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की, लेकिन दीपक अपनी मांगों पर अड़े रहे। पुलिस दीपक को घसीटते हुए वहां से ले गई।

### एडीजी अमिताभ यश के पिता रामयश सिंह का निधन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के ADG लॉ एंड ऑर्डर/STF अमिताभ यश के पिता रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी रामयश सिंह का 83 साल की उम्र में लखनऊ में आज (27 अप्रैल को) आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की सूचना मिलते ही घर पर श्रद्धांजलि देने डीजीपी राजीव कृष्ण समेत उत्तर प्रदेश के कई अधिकारी पहुंचे। सीएम योगी पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के बाद लखनऊ पहुंचते ही उनके इंदिरानगर स्थित आवास जाकर पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी।

### एलयू में फीस वृद्धि के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी में फीस वृद्धि के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन कई दिनों से जारी है। सोमवार को एक बार फिर छात्र संगठन NSUI और समाजवादी छात्रसभा से जुड़े छात्रों ने कैंपस में प्रदर्शन किया। इस बार उन्होंने कटोरा और प्लेट लेकर भीख मांगी। भीख में मिले सिक्कों को प्रॉक्टोरियल बोर्ड को सौंप दिया।

# अखिलेश यादव ने किया एएमयू पर आधारित पुस्तक का विमोचन

### अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के 100 साल के इतिहास पर लिखी गई किताब का लोकार्पण

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री Akhilesh Yadav ने 'अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय' विषय पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक Aligarh Muslim University के सौ वर्षों (1920-2020) के गौरवशाली इतिहास को समेटे हुए है। इस पुस्तक के लेखक प्रो. अब्दुल रहीम बीजापुर और प्रो. राहत अबरार हैं, जबकि इसके प्रकाशक डॉ. एमपी यादव हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षाविदों और पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।



> इस अवसर पर पुस्तक के सह-लेखक प्रो. अब्दुल रहीम बीजापुर ने बताया कि इस पुस्तक को तैयार करने में चार से पांच वर्षों का गहन शोध किया गया है। वहीं प्रो. राहत अबरार ने बताया कि सर सैय्यद अहमद ने वर्ष 1875 में एएमयू की नींव रखी थी और उन्होंने हमेशा हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए Akhilesh Yadav ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से देश के एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान के लंबे इतिहास को संजोने का सराहनीय प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में भी इस तरह की टेबल बुक तैयार करना एक बड़ी उपलब्धि है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी साबित होगी।

उन्होंने आगे कहा कि एएमयू से निकले विद्यार्थी देश और दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं और भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

# यूपी की रेल कनेक्टिविटी को बढ़ावा

## अयोध्या और वाराणसी से मुंबई-पुणे के लिए नई अमृत भारत ट्रेनें

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य के प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक शहरों को महाराष्ट्र के बड़े आर्थिक केंद्रों से जोड़ने के लिए दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की घोषणा की है। वाराणसी से पुणे (हडपसर) और अयोध्या से मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) के बीच चलने वाली इन ट्रेनों को प्रधानमंत्री 28 अप्रैल 2026 को हरी झंडी दिखाएंगे। यह पहल विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के यात्रियों—तीर्थयात्रियों, छात्रों, प्रवासी कामगारों और छोटे व्यापारियों—के लिए काफी लाभकारी साबित होगी, जो उत्तर भारत और महाराष्ट्र के बीच




नियमित रूप से यात्रा करते हैं। वाराणसी और अयोध्या जैसे प्रमुख शहरों को सीधे मुंबई और पुणे से जोड़ने से यात्रा समय में कमी आएगी, सुविधा बढ़ेगी और लंबी दूरी की यात्रा के लिए एक किफायती विकल्प उपलब्ध होगा। अमृत भारत एक्सप्रेस को आम यात्रियों को ध्यान में रखते हुए नॉन-एसी, उच्च क्षमता वाली ट्रेन सेवा के रूप में तैयार किया गया है, जिसमें किफायती किराए पर बेहतर आराम और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्नत कोच डिजाइन, बेहतर बैठने की व्यवस्था और यात्री सुविधाओं में सुधार के साथ यह ट्रेन सामान्य श्रेणी के सफर के अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

> यह कदम उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को मजबूत करने के केंद्र सरकार के निरंतर प्रयासों को भी दर्शाता है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ते हुए समावेशी विकास सुनिश्चित करना है।

### उत्तर प्रदेश के लिए इस पहल का विशेष महत्व

उत्तर प्रदेश के लिए यह पहल विशेष महत्व रखती है, क्योंकि इससे धार्मिक पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों दोनों को मजबूती मिलेगी। वाराणसी और अयोध्या देश के प्रमुख आस्था केंद्र हैं, जहां हर वर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## जनसेवा से दिन की शुरुआत, फिर कार्यकर्ता का दायित्व निभाने प. बंगाल निकले सीएम

# 'नहीं चलेगी हीलाहवाली'

### समयसीमा के भीतर करना होगा समाधान

'जनता दर्शन'

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प. बंगाल रवाना होने से पहले जनसेवा का संकल्प भी पूरा किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी और अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। 'जनता दर्शन' में आए कुछ फरियादियों से मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या जनपद में किसी अधिकारी से मिलकर आपने समस्या बताई? पता चला-नहीं, इस पर मुख्यमंत्री ने



फरियादियों से कहा कि बेतहाशा गर्मी में आप परेशान न हों। पहले अपने जनपद में तैनात अधिकारियों से पीड़ा बताएं। हर हाल में सुनवाई होगी और समस्या का यथोचित समाधान भी। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि धूप-गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में परिजनों के साथ आए बच्चों पर अपना स्नेह लुटाया। उन्हें चॉकलेट के साथ आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने मां की गोद में बैठे बच्चों से पूछा-चॉकलेट चाहिए तो एक बच्चे ने मुस्कुराकर अभिव्यक्ति दी, इस पर मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट दी। चॉकलेट पाकर बच्चा खिलखिला उठा।

### संवेदनशील होकर समस्याओं का कराएं समाधान

मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में आए सभी फरियादियों से मुलाकात की। एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को समय सीमा के भीतर समाधान कराने को कहा। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समयसीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करके पीड़ित को सूचित करना होगा।

- अधिकारियों को निर्देश-संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं का कराएं निराकरण
- फरियादियों की फिक्र, कहा-भीषण गर्मी में परेशान न हों, अपने जनपद में अधिकारियों से मिलें, समस्या दूर होगी
- परिजनों के साथ आए बच्चों पर स्नेह लुटाया सीएम योगी ने, दुलारा-पुचकारा और चॉकलेट भी दी

### लखनऊ अप्रैल में 3 साल में सबसे ज्यादा गर्म

लखनऊ। लखनऊ में सुबह से तेज धूप निकली। उसके बाद भीषण गर्मी पड़ रही है। इस दौरान गर्मी से राहत के लिए नगर निगम ने लालबाग और 1090 चौराहे पर कूलिंग पॉइंट बनाए हैं। यहां तंबू लगाकर अंदर कूलर-पंखे लगाए गए हैं। घड़े में पानी और प्लेट में गुड़ रखा गया ताकि राहगीर कुछ देर गर्मी से राहत पा सकें।

इस भीषण गर्मी में बिजली के ट्रांसफॉर्मर गर्म पड़ रहे हैं। ट्रांसफॉर्मर बचाने के लिए उनके सामने पंखे लगाए गए हैं। कहीं-कहीं वोल्टेज भी लो होने की समस्या आ रही है। इसके लिए अधिकारियों ने अर्थिंग में पानी डलवाया है। लोगों को चेतावनी भी दी है कि घरों में लगी अर्थिंग पर पानी बिना सलाह के न डालें।

मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री रहा है। यह सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आर्द्रता 67 फीसदी रही।

## अखिलेश यादव से मिले लखनऊ बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महामंत्री

भेंट

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री Akhilesh Yadav से आज लखनऊ में Lucknow Bar Association के चुनाव में महामंत्री पद पर निर्वाचित जितेंद्र सिंह यादव 'जीतू' ने मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।

इस दौरान Akhilesh Yadav ने जीतू यादव को उनकी जीत पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने उनके साथ आए अधिवक्ताओं का भी स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। जितेंद्र सिंह यादव के साथ बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने सपा प्रमुख से भेंट कर आशीर्वाद लिया। इनमें कृष्ण कन्हैया पाल, अमर पाल सिंह, अनुराग यादव, मुशीर खान, संगीत शुक्ला, अजय

- महामंत्री पद पर जीत के बाद अधिवक्ताओं के साथ पहुंचे जितेंद्र सिंह यादव 'जीतू', सपा प्रमुख ने दी बधाई

सिंह, नीरज यादव, अनुज यादव, आदेश यादव, विपिन यादव, सौरभ कुमार, अंकित यादव, एजाज अहमद, इमरान खान, जमीर खान, सुधीर यादव, आदर्श लोधी, अनुज निषाद, दिली यादव और अमरेन्द्र तिवारी सहित अन्य शामिल रहे। इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, जिसमें नव-निर्वाचित महामंत्री ने संगठन और पेशे से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की।

## 1090 चौराहा और लालबाग से अभियान की शुरुआत, शहरभर में जलपान केंद्र और रैनबसेरों को किया गया अपग्रेड

# हीट वेव से राहत के लिए कूलिंग पॉइंट शुरू


तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। भीषण गर्मी और हीट वेव से राहत देने के लिए Lucknow Municipal Corporation ने शहर में विशेष कूलिंग पॉइंट्स की शुरुआत की है। सोमवार को 1090 चौराहे और नगर निगम मुख्यालय लालबाग पर इन कूलिंग पॉइंट्स का उद्घाटन महापौर Sushma Kharkwal ने किया।

इस मौके पर नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। कूलिंग पॉइंट्स पर आम लोगों के लिए बेड, सोफा, कुर्सियां, पंखे, कूलर, मटकों का ठंडा पानी और गुड़ जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि राहगीरों और कामकाजी लोगों को तेज धूप में राहत मिल सके।

महापौर ने बताया कि यह पहल सिर्फ दो स्थानों तक सीमित नहीं है,





बल्कि पॉलिटेक्निक चौराहा, गोमतीनगर पत्रकारपुरम, जीएसटी भवन, जीपीओ विधानसभा मार्ग और अन्य प्रमुख स्थानों पर भी ऐसे कूलिंग पॉइंट्स बनाए जा रहे हैं।

इसके साथ ही नगर निगम द्वारा संचालित 24 रैनबसेरों को भी गर्मी के अनुकूल बनाया गया है। यहां पहले से उपलब्ध बेड के साथ अब स्वच्छ और ठंडे पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे लोग दोपहर की भीषण गर्मी में आराम कर सकें। शहरवासियों को राहत देने के लिए जलकल विभाग के सहयोग से 150 से अधिक स्थानों पर शीतल जल केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर विशेष रूप से श्रमिकों, रिक्शा चालकों और खुले में काम करने वाले लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। बैठक के अंत में उन्होंने बताया कि इस विषय पर अगली समीक्षा बैठक 29 अप्रैल को होगी, जिसमें सभी अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### अवैध कब्जों पर सख्ती, अधिकारियों को दिए निर्देश

इसी दिन नगर निगम मुख्यालय में संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता महापौर Sushma Kharkwal ने की। बैठक में नगर निगम की जमीनों पर अवैध कब्जों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध कब्जों के खिलाफ तेजी से कार्रवाई की जाए और कब्जा मुक्त कराई गई जमीनों की तुरंत फेंसिंग व बायो-फेंसिंग कर सुरक्षित किया जाए, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके। उन्होंने संपत्तियों के सुव्यवस्थित रिकॉर्ड रखने पर भी जोर देते हुए लेखपालों को ग्राम सभा संपत्ति रजिस्टर प्राथमिकता से तैयार करने के निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# भारत सरकार ने मोटर वाहन नियम में किए संशोधन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रयोग में लाए गए अथवा पूर्व में पंजीकृत मोटर वाहनों की खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं डिजिटल माध्यम से सुव्यवस्थित बनाने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (morth), भारत सरकार ने मोटर वाहन नियम में संशोधन किए हैं। उक्त नए नियम 01 अप्रैल 2023 से प्रभावित होंगे। नए नियमों के तहत पंजीकृत वाहन के अधिकृत व्यापारी (एडीआरवी) की व्यवस्था को विधिक मान्यता प्रदान की गई है। इस व्यवस्था के अनुसार प्रयोग में लिए गए वाहनों के क्रय विक्रय से संबंधित समस्त प्रक्रियाएं ऑनलाइन के संपादित होंगी। इससे वाहन स्वामी, अधिकृत डीलर एवं

### एडीआरवी लागू होने से वाहनों के खरीद फरोख्त संबंधी सभी प्रक्रियाएं होगी ऑनालाइन- दयाशंकर सिंह



परिवहन प्रशासन के मध्य उत्तरदायित्व का भी निर्धारण सुनिश्चित होगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि पंजीकृत वाहनों के खरीद फरोख्त में संलग्न डीलरों को संबंधित पंजीकरण प्राधिकारी से ऑथराइजेशन सर्टिफिकेट प्राप्त करना अनिवार्य होगा। यह प्रमाण पत्र निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया जाने पर निर्गत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रमाण पत्र सामान्यतः 05 वर्ष के लिए वैध होगा। साथ ही वाहन स्वामी को भी वाहन के कब्जे एवं उत्तरदायित्व से संबंधित प्रमाणिक अभिलेख पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि नए प्राविधान के अंतर्गत अधिकृत डीलर को अपने कब्जे में उपलब्ध वाहनों के संबंध में पंजीकरण प्रमाण पत्र का नवीनीकरण, फिटनेस प्रमाण पत्र का नवीनीकरण, डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करना, अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन करना तथा वाहन स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

## 42 लाख की योजना, छह स्थानों पर स्थापना, एक सप्ताह में शुरू होगा पहला केंद्र

# नगरपालिका लगाएगी सौर ऊर्जा वाटर पंप

सुविधा

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या को देखते हुए अकबरपुर नगर पालिका ने सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा चालित वाटर पंप लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना के तहत करीब 42 लाख रुपये की लागत से जिला मुख्यालय पर छह स्थानों पर यह व्यवस्था विकसित की जाएगी। सोमवार को विक्रमादित्य सिंह तिराहे पर पहले वाटर पंप का कार्य शुरू हो गया।



प्रत्येक वाटर पंप पर एक हजार लीटर क्षमता की टंकी स्थापित की जाएगी। सौर ऊर्जा से संचालित यह प्रणाली 150 फीट गहराई तक बोरिंग के माध्यम से पानी उपलब्ध कराएगी। एक हार्सपावर का मोटर लगाया जाएगा। पानी को ठंडा रखने के लिए फ्रीजर की व्यवस्था भी होगी। प्रत्येक स्थल पर चार टोटियां लगाई जाएंगी।

देखरेख और संचालन

नगरपालिका की ओर से इन केंद्रों की निगरानी के लिए कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। नियमित साफ-सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि लोगों को सुरक्षित पेयजल मिल सके। अधिशासी अधिकारी विशाल सारस्वत ने बताया कि छह स्थानों पर वाटर पंप लगाने की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए उपयुक्त भूमि का चयन किया जा रहा है। योजना के पूर्ण होने के बाद गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या में कमी आएगी।

> नगरपालिका के अनुसार, पहले स्थान पर काम तेजी से चल रहा है और एक सप्ताह के भीतर नागरिकों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध होने लगेगा। गर्मी में बढ़ती मांग को देखते हुए यह व्यवस्था तैयार की जा रही है, ताकि राहगीरों और बाजार आने वाले लोगों को राहत मिल सके।

### बोर्ड बैठक में मिला प्रस्ताव को अनुमोदन

सार्वजनिक स्थानों पर सौर ऊर्जा वाटर पंप लगाने का प्रस्ताव नगर पालिका की बोर्ड बैठक में रखा गया था। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद शासन से धनराशि भी जारी कर दी गई। अब चरणबद्ध तरीके से सभी स्थानों पर कार्य कराया जाएगा।

### बाजार क्षेत्र में बढ़ेगी सुविधा

शहजादपुर बाजार सहित प्रमुख स्थलों को प्राथमिकता में रखा गया है। यहां बड़ी संख्या में दुकानें हैं और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग खरीदारी के लिए आते हैं। गर्मी में पेयजल की कमी के कारण लोगों को परेशानी होती है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद यह समस्या कम होने की उम्मीद है।

# ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

## कलेक्ट्रेट परिसर में व्यवस्थाओं की जांच, अधिकारियों को दिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, निगरानी और रखरखाव से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण में वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और निगरानी प्रणाली की जांच की गई। कैमरों की कार्यशीलता और कवरेज को लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा गया। अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और उनकी स्थिति भी देखी गई। उपकरणों के नियमित परीक्षण और समय-समय पर रखरखाव के निर्देश दिए गए।

वेयरहाउस में डबल लॉक व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। सुरक्षा मानकों के अनुरूप लॉकिंग सिस्टम को बनाए रखने के निर्देश दिए गए। परिसर में साफ-सफाई की स्थिति की भी समीक्षा हुई। अधिकारियों को नियमित सफाई और रिकॉर्ड के सुव्यवस्थित रखरखाव पर ध्यान देने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया गया कि निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का पालन जरूरी है। वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। संबंधित कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन सावधानी और जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में कहा गया कि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मशीनों के भंडारण और सुरक्षा से जुड़े नियमों का पूरी तरह पालन हो।

फास्ट न्यूज

### आलापुर क्षेत्र में विवाह समारोहों में पहुंचे विधायक त्रिभुवन दत्त

अंबेडकरनगर। आलापुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आयोजित विवाह समारोहों में विधायक त्रिभुवन दत्त शामिल हुए। कार्यक्रमों के दौरान उन्होंने परिवारों से मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। विकास खंड जहांगीरगंज के ग्राम सभा रायपुर बेलवाडाड़ी में शमशेर गौतम की पुत्री के विवाह समारोह में विधायक पहुंचे।

### किछौछा प्रकरण पर संगठनों में नाराजगी

अंबेडकरनगर। दरगाह किछौछा क्षेत्र से जुड़े एक मामले को लेकर कुछ संगठनों ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि एक युवती से संबंधित कथित घटना के बाद भी नामजद के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। इसी मुद्दे पर 30 अप्रैल को जनपद स्तर पर प्रदर्शन करने की घोषणा की गई है।

संगठनों का आरोप है कि क्षेत्र में कुछ गेस्ट हाउस और खान-पान स्थल बिना अनुमति संचालित हो रहे हैं। इन स्थानों पर निगरानी और कार्रवाई की मांग उठाई गई है। उनका कहना है कि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### हीड़ी पकड़िया में कल लगेगा सचल न्यायालय

अंबेडकरनगर। ग्राम न्यायालय भीटी के क्षेत्राधिकार में बुधवार को तहसील भीटी की ग्राम पंचायत हीड़ी पकड़िया में सचल न्यायालय (मोबाइल कोर्ट) का आयोजन किया जाएगा। न्यायालय के माध्यम से क्षेत्र के लंबित मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया मौके पर ही की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिखा यादव ने संबंधित वादकारियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर सचल न्यायालय में उपस्थित हों।

# हज यात्रा पर रवाना होने से पहले आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



■ गणेशपुर के चोरवा में कार्यक्रम, विद्वानों ने हज के महत्व पर प्रकाश डाला

अंबेडकरनगर। हज यात्रा पर रवाना होने से पहले गणेशपुर स्थित चोरवा में रविवार रात एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ज़मीरुल हसन को हज यात्रा के लिए विदाई दी गई। आयोजन नज़ीरुल हसन खान के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिर्ज़ा नबी हुसैन ने की और संचालन मौलाना दिलशाद खान ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। इसके बाद मौजूद विद्वानों और लोगों ने हज यात्रा पर जा रहे यात्री को शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने हज के धार्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला।

मौलाना फुरकान ने कहा कि हज इस्लाम की महत्वपूर्ण इबादत है। यह इंसान को आत्मिक शुद्धता और अनुशासन का संदेश देती है। शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने कहा कि हज से सब्र, कुर्बानी और इंसानियत की सीख मिलती है।

अध्यक्षता कर रहे मिर्ज़ा नबी हुसैन ने कहा कि हज का अवसर मिलना विशेष माना जाता है। यह जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है। मौलाना दिलशाद खान ने कहा कि हज यात्रियों के लिए दुआ करना समाज की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के संरक्षक मिर्ज़ा अफ़ज़ल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा संपन्न अंतिम दिन केंद्रों का औचक निरीक्षण

## डीएम ईशा प्रिया ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की, अधिकारियों को निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। होमगार्ड स्वयंसेवक भर्ती परीक्षा जनपद में सकुशल संपन्न हुई। तीसरे और अंतिम दिन सोमवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से पूरा कराने के लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

डीएम ने डॉ जीके जेटली इंटर कॉलेज, अकबरपुर सहित अन्य केंद्रों पर क्लॉक रूम, स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कंट्रोल रूम और परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली की स्थिति देखी गई। कैमरों की कार्यशीलता और कवरेज को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी केंद्रों पर बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन कराया जाए। अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान और बैठने की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने पर जोर दिया गया। यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने को कहा गया।

केंद्रों पर पेयजल, शौचालय और विद्युत आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली गई। डीएम ने कहा कि किसी भी केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं की कमी नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थियों को बिना असुविधा के परीक्षा देने का वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और लगातार निगरानी बनाए रखने को कहा गया। सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे।

# डिप्टी एसपी बने नीतीश तिवारी की सफलता चर्चा में

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश पीसीएस 2022 परीक्षा में चयनित होकर डिप्टी एसपी बने नीतीश तिवारी की सफलता चर्चा में है। बहराइच निवासी नीतीश तिवारी ने प्रतियोगी परीक्षा में चयन पाकर पुलिस सेवा में स्थान हासिल किया है। उनकी उपलब्धि को तैयारी, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम माना जा रहा है।

परिणाम घोषित होने के समय का एक प्रसंग सामने आया है। जानकारी के अनुसार, उसी दौरान उनके पिता किसी कार्य से थाने पहुंचे थे। परिसर में बैठने की व्यवस्था नहीं मिली तो वे बाहर एक पत्थर पर बैठ गए। इसी बीच बेटे का फोन आया। फोन पर मिली सूचना ने माहौल बदल दिया। बेटे ने चयन की खबर दी तो परिवार में खुशी का वातावरण बन गया।

नीतीश तिवारी ने पीसीएस परीक्षा की तैयारी चरणबद्ध तरीके से की। प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के बाद उनका चयन हुआ। चयन सूची में स्थान मिलने के बाद उन्हें डिप्टी एसपी पद आवंटित किया गया। इस प्रक्रिया में नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन की भूमिका रही। वर्तमान में नीतीश तिवारी अंबेडकरनगर जिले में डिप्टी एसपी(क्षेत्राधिकारी अकबरपुर) पद पर तैनात हैं। कानून व्यवस्था से जुड़े कार्यों का संचालन कर रहे हैं। क्षेत्र में गश्त, प्रकरणों की समीक्षा और थानों के साथ समन्वय उनकी जिम्मेदारी का हिस्सा है। विभागीय स्तर पर नियमित बैठक और निगरानी की प्रक्रिया जारी है। इस सफलता को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के बीच एक उदाहरण है।

## स्वास्थ्य पर बढ़ता जोखिम, चिकित्सक ने दी विस्तृत सलाह

# लू और भीषण गर्मी का असर तापमान 40 पार

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले में इन दिनों तेज गर्मी और लू का असर लगातार बढ़ रहा है। कई बार तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हो रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर गर्म हवाएं चल रही हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे मौसम में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ गया है। सत्य साईं हॉस्पिटल के संचालक व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आशुतोष शुक्ला ने बताया कि बढ़ते तापमान के साथ शरीर की तापमान नियंत्रित करने की क्षमता प्रभावित होने लगती है। इस स्थिति में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। धूप में लंबे समय तक रहने पर चक्कर आना, थकान, कमजोरी और बेहोशी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्मी में अधिक पसीना आने से शरीर से तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स बाहर निकल जाते हैं। यदि समय पर इसकी पूर्ति नहीं की जाए तो शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे किडनी समेत अन्य अंगों पर असर पड़ सकता है। जिन लोगों को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या किडनी रोग की पारिवारिक पृष्ठभूमि है, उनमें जोखिम अधिक रहता है। डॉ. शुक्ला ने सलाह दी कि दिन के समय धूप में जाने से बचें। बाहर काम करने वालों को प्यास न लगने पर भी नियमित अंतराल पर पानी पीना चाहिए। कार्यस्थल पर साफ पेयजल की व्यवस्था होना जरूरी है। समय-समय पर छायादार या ठंडी जगह पर आराम करना चाहिए, ताकि शरीर का तापमान नियंत्रित रहे।

### किडनी पर पड़ सकता है असर

डॉ. शुक्ला के अनुसार, तेज गर्मी और लू के कारण शरीर में पानी की कमी तेजी से होती है। लगातार डिहाइड्रेशन की स्थिति बनने पर किडनी पर असर पड़ता है। शरीर के महत्वपूर्ण अंगों तक रक्त संचार प्रभावित हो सकता है। लंबे समय तक ऐसी स्थिति रहने पर किडनी से जुड़ी समस्याएं, पथरी और मूत्र संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। कुछ मामलों में किडनी फेलियर तक की स्थिति बन सकती है।



### इन लोगों को अधिक सावधानी जरूरी

दिन के समय बाहर काम करने वाले लोगों में खतरा ज्यादा है। निर्माण कार्य में लगे मजदूर, डिलीवरी कर्मी, ट्रैफिक पुलिसकर्मी, किसान और सफाई कर्मी लंबे समय तक धूप में रहते हैं। इससे शरीर पर लगातार दबाव बना रहता है और डिहाइ-ड्रेशन की संभावना बढ़ती है।

# भ्रष्टाचार पर कार्रवाई और जांच में देरी, उठे सवाल

## घूसखोरी के मामलों में गिरफ्तारी, लंबित जांचों पर निगरानी की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। जनपद में भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में कार्रवाई के साथ-साथ जांच की गति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हाल के महीनों में एंटी करप्शन टीम और पुलिस ने कई मामलों में कार्रवाई की, लेकिन कुछ प्रकरणों में जांच लंबित रहने से स्थिति पर चर्चा बनी हुई है। मार्च 2026 में जलालपुर नगर पालिका के एक लिपिक को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से जुड़े कार्य में 5000 रुपये लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा था। इससे पहले भी लेखपाल, कंप्यूटर ऑपरेटर और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। जिला पंचायत में निर्माण कार्यों में अनियमितताओं को लेकर भी शिकायतें सामने आईं। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े प्रकरणों में भी आरोप लगे हैं। अस्पताल से संबंधित कार्यों में अनियमितता की शिकायतें उच्च स्तर तक पहुंचीं। कुछ ग्राम पंचायतों और निकायों में भी वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। कुछ मामलों में जांच टीमों के साथ अभद्रता की शिकायतें भी दर्ज की गईं।

कटेहरी विकासखंड के प्रतापपुर चमुर्खा और भियांव के आशापार से जुड़े मामलों में जांच लंबित बताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर शिकायतें हैं कि जांच प्रक्रिया में समय लग रहा है। इससे मामलों के निस्तारण में देरी हो रही है।

प्रशासन की ओर से बताया गया कि कई मामलों में जांच टीमें गठित की गई हैं और आवश्यकतानुसार एफआई-आर दर्ज की गई है। कुछ मामलों में सेवा समाप्ति और वसूली की कार्रवाई भी शुरू की गई है। पारदर्शिता के लिए ई-टेंडरिंग, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और सीसीटीवी निगरानी जैसे उपाय लागू किए जा रहे हैं।

# मेडिकल कॉलेज में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

## रिंकू-11 उपविजेता, खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। टांडा विधानसभा क्षेत्र स्थित महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन सोमवार को हुआ। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद लालजी वर्मा और विशिष्ट अतिथि विधायक त्रिभुवन दत्त ने विजेता एनटीपीसी टीम और उपविजेता रिंकू-11 को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए। समापन समारोह में खिलाड़ियों और दर्शकों की उपस्थिति रही।

टूर्नामेंट के अंतिम मुकाबले में एनटीपीसी टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। रिंकू-11 टीम ने मुकाबले में प्रतिस्पर्धा दिखाई, लेकिन अंत में उपविजेता रही। पूरे टूर्नामेंट के दौरान विभिन्न टीमों के बीच मुकाबले हुए। टूर्नामेंट का आयोजन मेडिकल कॉलेज परिसर में किया गया। आयोजन में स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों की भागीदारी रही। समापन समारोह में ब्लॉक प्रमुख टांडा सुरजीत वर्मा, मैनेजिंग ट्रस्टी राकेश कुमार, डॉक्टर अश्वनी वर्मा, डॉक्टर आमोद वर्मा, अजय गौतम एडवोकेट, मुकेश कुमार, आदित्य पटेल, अन्नू कन्नौजिया और नितिन शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

**कार्रवाई : सफर के दौरान पर्स काटकर गहने ले गईं, पुलिस ने बरामद किया सामान**

# ई-रिक्शा में टप्पेबाजी चार महिलाएं गिरफ्तार

### सफर के दौरान वारदात

आलापुर क्षेत्र के सहजना हमजापुर निवासी अनीता देवी शनिवार सुबह एक विवाह समारोह में शामिल होने जा रही थीं। कटोखर चौराहे से काजीपुर बाजार तक ई-रिक्शा में सफर के दौरान उनके साथ टप्पेबाजी हुई। गंतव्य पर पहुंचने के बाद पर्स कटा हुआ मिला और उसमें रखे गहने गायब थे। इसके बाद पीड़िता ने हंसवर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। हंसवर क्षेत्र में ई-रिक्शा में सफर के दौरान महिला से टप्पेबाजी के मामले में पुलिस ने चार आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। घटना शनिवार की है, जबकि रविवार को कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा गया।

शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। संदिग्ध महिलाओं को चिन्हित कर पूछताछ की गई। जांच के दौरान संतकबी-रनगर जिले के खलीलाबाद क्षेत्र की आशा और हंसवर थाना क्षेत्र के मंगतहीया मजरे सेमऊरखानपुर की सैयना, संगीता और सुनीता को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी अभिनेष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

पुलिस ने सार्वजनिक परिवहन में सफर के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपने सामान की निगरानी रखने को कहा गया है।

> तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से एक सोने का लॉकेट, एक जोड़ी झुमकी और 320 रुपये बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने भीड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। बातचीत में उलझाकर ध्यान भटकाने की रणनीति अपनाई गई।

# सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध ग्रामीणों ने की शिकायत

## जल निगम की पाइपलाइन का काम भी रुका

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। थाना बेवाना क्षेत्र के वनवा गांव में सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति ने रास्ता बंद कर दिया है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। रास्ते से गुजरने वाले लोगों के साथ गाली-गलौज की भी शिकायत की गई है।

ग्रामीणों के अनुसार, रास्ता बंद होने से रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। स्कूल, बाजार और खेतों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। इससे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि जल निगम की पाइपलाइन बिछाने का काम भी रुक गया है। रास्ता अवरुद्ध होने के कारण मजदूर और मशीनें मौके तक नहीं पहुंच पा रहीं। इससे पेयजल योजना की प्रगति प्रभावित हो रही है। गांव के लोगों को समय पर पानी की सुविधा मिलने में देरी की आशंका है। अनीश, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद उमर और अब्दुल कबीर सहित अन्य ग्रामीणों ने रास्ता तत्काल खुलवाने की मांग की है। उनका कहना है कि सार्वजनिक मार्ग पर किसी का कब्जा स्वीकार नहीं है। साथ ही पाइपलाइन का काम जल्द पूरा कराने की मांग भी की गई है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। अब प्रशासनिक स्तर पर जांच और कार्रवाई का इंतजार है। स्थानीय स्तर पर समस्या के समाधान की मांग तेज हो गई है।

# सम्पादकीय

## ट्रंप पर एक और हमला



अमेरिकी राष्ट्रपति की उपस्थिति वाले एक विशिष्ट आयोजन में गोलीबारी की घटना ट्रंप की सुरक्षा व्यवस्था में चूक को तो रेखांकित करती ही है, अमेरिका में व्याप्त और खतरनाक होती जा रही बंदूक संस्कृति की ओर भी फिर से ध्यान खींचती है। यह संतोष की बात है कि इस गोलीबारी में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ और एक सुरक्षाकर्मी हमलावर की गोली लगने के बाद भी इसलिए बच गया, क्योंकि वह बुलेटप्रूफ जैकेट पहने था, लेकिन यह घटना इसलिए कहीं अधिक ध्यान आकृष्ट करती है, क्योंकि यह उसी वाशिंगटन डीसी के हिल्टन होटल में घटी, जिसमें राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। यह सामान्य बात नहीं कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, उनके वरिष्ठ सहयोगियों और व्हाइट हाउस कवर करने वाले पत्रकारों की उपस्थिति वाले कार्यक्रम में कोई गोलीबारी करने में सक्षम हो जाए। व्हाइट हाउस के पत्रकारों के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति के डिनर के इस वार्षिक कार्यक्रम में वैसी ही गहन सुरक्षा व्यवस्था होती है, जैसी अमेरिकी हवाई अड्डों पर होती है। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम को सबसे सुरक्षित आयोजनों में से एक के रूप में जाना जाता है, लेकिन वहां भी सुरक्षा में सेंध लग गई। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप अपने सुरक्षाकर्मियों की सजगता की उचित ही प्रशंसा कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा अधिकारियों को इसकी तह में तो जाना ही होगा कि आखिर हमलावर उनके सुरक्षा घेरे को कैसे भेद गया?

वैसे तो हमलावर की पहचान हो गई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कि उसका इरादा क्या था? हैरानी नहीं कि वह अमेरिका में उपजी राजनीति कटुता से पनपे विषाक्त माहौल से प्रभावित ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ट्रंप को उनकी रीति-नीति के चलते निशाना बनाना चाहता हो। ध्यान रहे इसके पहले भी पिछले दो वर्षों में ट्रंप को कम से कम दो बार ऐसे ही लोग मारने की कोशिश कर चुके हैं।

एक घटना में तो हमलावर की गोली उनके कान को छूती हुई निकल गई थी। वाशिंगटन के हिल्टन होटल की घटना यह भी बताती है कि अमेरिका में आसानी से बंदूक खरीदने और रखने का जो अधिकार है, उस पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। विडंबना यह है कि अमेरिका में बंदूक संस्कृति के चलते रह-रहकर हिंसा की घटनाएं होती ही रहती हैं, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप इस संस्कृति पर लगाम लगाने के पक्षधर नहीं। उलटे वे हथियार रखने की आजादी के प्रबल समर्थकों में से एक हैं। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने बंदूक संस्कृति के खिलाफ जो सख्ती बरतनी शुरू की थी और उसके तहत जिन नए नियमों को लागू किया था, ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद उन्हें खत्म करने का ही काम किया।

## ऊर्जा संकट से जूझता विश्व

राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच दो सप्ताह से जारी युद्धविराम को जिस तरह यकायक अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया, उससे वे अपने कदम पीछे खींचते हुए दिखे। उन्होंने युद्धविराम विस्तार की घोषणा ऐसे समय की, जब इस्लामाबाद में होने वाली दूसरे दौर की शांति वार्ता को लेकर संशय कायम था। गत दिवस संशय के ये बादल छंटे और दोनों देशों के प्रतिनिधियों के इस्लामाबाद रवाना होने की खबरों से दूसरे दौर की वार्ता की संभावना बढ़ी है।

ईरान ने पहले दौर की वार्ता विफल होने के बाद जिस प्रकार अमेरिका से बात करने से इन्कार किया था, उससे यही लग रहा था कि वह अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी खत्म किए बिना न तो होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए तैयार होगा और न ही वार्ता के लिए। अब यदि वह वार्ता के लिए तैयार है तो शायद इसलिए कि अमेरिकी नाकेबंदी उसके लिए परेशानी का कारण बन रही है। जो भी हो, जब तक दूसरे दौर की वार्ता हो नहीं जाती और वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच जाती, तब तक पश्चिम एशिया संकट और साथ ही ऊर्जा संकट खत्म होने के आसार नहीं। अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की वार्ता इसलिए विफल हुई थी, क्योंकि ईरान न तो यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम से पीछे हटने को तैयार था और न ही होर्मुज पर अपना आधिपत्य छोड़ने के लिए। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि युद्धविराम विस्तार के बाद भी होर्मुज बंद है। अमेरिकी नाकेबंदी के पहले वहां से इक्का-दुक्का जो जहाज निकल पा रहे थे, अब वे भी नहीं निकल पा रहे हैं। ईरान अमेरिकी नाकेबंदी खत्म करने की शर्त रखने के साथ ही इस पर अड़ा है कि वह होर्मुज से निकलने वाले जहाजों को अपनी निगरानी में निकलने देगा और उनसे फीस भी वसूलेगा।

**संजय गुप्त**

# क्षेत्रवार कृषि नीति, नकली बीज और कीटनाशकों पर सख्त कानून से एग्री सेक्टर में बड़े बदलाव की तैयारी

> शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पहले खरीफ और रबी सीजन को लेकर पूरे देश के लिए एक ही बैठक होती थी, लेकिन भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में एक मंच पर सभी क्षेत्रों की समस्याओं पर गहराई से चर्चा संभव नहीं थी।



भारत सरकार क्षेत्रवार कृषि नीति, नकली बीज और कीटनाशकों पर सख्त कानून की तैयारी कर रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में लखनऊ में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार कृषि नीति में बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब खेती के लिए पूरे देश में एक जैसी नीति के बजाए क्षेत्रवार रणनीति बनाई जाएगी। जलवायुए पानी की उपलब्धता, भूमि की स्थिति और फसल पैटर्न के आधार पर अलग.अलग क्षेत्रों के लिए अलग योजना तैयार होगी। उन्होंने कहा कि भारत को कृषि विकास के लिए अब व्यावहारिक और स्थानीय जरूरतों पर आधारित मॉडल अपनाना होगा। लखनऊ सम्मेलन में शिवराज सिंह चौहान का संदेश साफ रहा कि आने वाला समय वैज्ञानिक, टिकाऊ, जलवायु अनुकूल और किसान.केंद्रित खेती का है। यदि राज्य और केंद्र मिलकर काम करें तो भारतीय कृषि को नई ऊंचाई दी जा सकती है। इसी सोच के तहत देश को पांच कृषि क्षेत्रों में विभाजित किया गया है और हर क्षेत्र के लिए अलग सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं ताकि राज्यों के साथ मिलकर खरीफ और रबी मौसम की ठोस कार्ययोजना बनाई जा सके। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों से अपील की कि वे अपनी कृषि परिस्थितियों के अनुसार अलग रोडमैप तैयार करें। उन्होंने कहा कि जब तक हर राज्य अपनी मिट्टी, पानी, फसल और बाजार के हिसाब से दीर्घकालिक योजना नहीं बनाएगा तब तक कृषि का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार वैज्ञानिकों, कृषि विश्वविद्यालयों और कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से राज्यों को पूरा सहयोग देगी।

**गेहूं.धान से आगे बढ़ेगी कृषि नीति**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने खाद्यान्न उत्पादन, खासकर गेहूं और धान में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं लेकिन आने वाले समय में केवल इन फसलों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। अब दालें, तिलहन, बागवानी, फल, सब्जियां, खाद्य प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के सामने कृषि क्षेत्र के तीन बड़े लक्ष्य हैं- देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की आय बढ़ाना और नागरिकों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना। चौहान ने बताया कि सरकार की कृषि रणनीति छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित है-उत्पादन बढ़ाना, लागत घटाना, किसानों को मेहनत का उचित मूल्य दिलाना, नुकसान होने पर मुआवजा देना, फसल विविधीकरण बढ़ाना और किसानों को बाजार से जोड़ना। खेती को अब केवल उत्पादन तक सीमित नहीं देखा जा सकता। इसे प्रसंस्करण, निर्यात, तकनीक और पर्यावरणीय स्थिरता से जोड़कर देखना होगा।

मंत्री ने कहा कि छोटे और सीमांत किसानों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में छोटे किसान हैं इसलिए कम जमीन से अधिक आय देने वाले मॉडल अपनाने होंगे। उन्होंने अंतरवर्तीय फसल प्रणाली, अनाज के साथ फल.सब्जी उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन और वृक्ष आधारित खेती जैसे एकीकृत कृषि मॉडल को छोटे किसानों के लिए उपयोगी बताया। केंद्र सरकार ऐसे कई मॉडल तैयार कर चुकी है जिन्हें राज्य अपनी परिस्थितियों के अनुसार लागू कर सकते हैं।

**देश की एक बैठक नहीं अब क्षेत्रवार रणनीति बनेगी**

इसी कारण अब जोनल कॉन्फ्रेंस मॉडल शुरू किया गया है ताकि हर क्षेत्र की मिट्टी, जलवायु, पानी, फसल प्रणाली और स्थानीय चुनौतियों के अनुसार रणनीति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत कृषि दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र हैए जहां पंजाब और हरियाणा हरित क्रांति के केंद्र रहे हैं जबकि उत्तर प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

**किसान क्रेडिट कार्ड और फार्मर आईडी पर जोर**

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अभी भी बड़ी संख्या में किसानों को सस्ता संस्थागत ऋण नहीं मिल पा रहा है। इसलिए हर पात्र किसान तक किसान क्रेडिट कार्ड पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा ताकि किसान समय पर बीज, उर्वरक, मशीनरी और अन्य संसाधन खरीद सकें। उन्होंने फार्मर आईडी को कृषि प्रशासन में बड़ा सुधार बताया। इसके तहत भूमि रिकॉर्ड, खसरा नंबर, पशुधन और किसान से जुड़ी अन्य जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी जिससे योजनाओं का लाभ तेजी और पारदर्शिता से मिल सकेगा। मंत्री ने कहा कि वैज्ञानिक शोध का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए विकासित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत वैज्ञानिकों और अधिकारियों की टीमें गांव.गांव जाकर किसान सभाएं करेंगी और नई तकनीक, उन्नत बीज तथा वैज्ञानिक खेती की जानकारी देंगी। उन्होंने कहा कि जब तक प्रयोगशाला का ज्ञान खेत तक नहीं पहुंचेगा तब तक शोध का वास्तविक लाभ किसानों को नहीं मिलेगा।

**नकली बीज और कीटनाशकों पर सख्त कानून**

सबसे महत्वपूर्ण घोषणा नकली बीज, नकली कीटनाशक और मिलावटी कृषि उत्पादों के खिलाफ कड़े कानून बनाने को लेकर रही। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मौजूदा कानून पर्याप्त सख्त नहीं हैं। कई मामलों में मामूली जुर्माने का प्रावधान है जिससे दोषियों में डर नहीं बनता। इसलिए बीज अधिनियम और कीटनाशक कानून में सख्त प्रावधान लाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल किसानों की फसल का मामला नहीं है बल्कि मानव स्वास्थ्य से भी जुड़ा गंभीर विषय है। प्राकृतिक खेती और बागवानी को बढ़ावा देने को लेकर मंत्री ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। शुरुआती वर्षों में किसानों को आने वाली चुनौतियों को देखते हुए प्रति हेक्टेयर आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है।

**पुनीत उपाध्याय**

## उत्तर प्रदेश में बागवानी...

प्रदीप कुमार

# मिर्जापुर के किसान जय सिंह ने ड्रैगन फ्रूट से लिखी सफलता की नई इबारत

उत्तर प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आधुनिक खेती की ओर प्रेरित करने के लिए विभिन्न योजनाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिर्जापुर जनपद के किसान जय सिंह की सफलता के रूप में सामने आया है, जिन्होंने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर ड्रैगन फ्रूट की खेती अपनाई और आज क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं।

मिर्जापुर जनपद के नारायणपुर विकासखंड के ग्राम रानीपुर निवासी जय सिंह एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पास लगभग 2 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिस पर वे पहले पारंपरिक तरीके से धान, गेहूं और आलू जैसी फसलों की खेती करते थे। हालांकि इन फसलों से उन्हें अपेक्षित आय नहीं मिल पा रही थी। बढ़ती लागत, मौसम पर निर्भरता और बाजार की अनिश्चितता के कारण उनकी आमदनी सीमित रह जाती थी, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार नहीं हो पा रहा था।

किसानों की हितैषी प्रदेश सरकार द्वारा औद्यानिक खेती के लिए उद्यान विभाग उद्यान विभाग द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम की उन्हें जानकारी मिली। जिसमें श्री जय सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में उन्हें आधुनिक बागवानी और विशेष रूप से ड्रैगन फ्रूट की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उन्हें बताया गया कि यह फसल कम पानी में भी अच्छी पैदावार देती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है और बाजार में इसकी मांग भी लगातार बढ़ रही है। शुरुआत में किसान जय सिंह के लिए यह एक नया और जोखिम भरा निर्णय था, क्योंकि उनके क्षेत्र में पहले किसी ने ड्रैगन फ्रूट की खेती नहीं की थी। फिर भी उन्होंने हिम्मत जुटाई और प्रयोग के तौर पर अपने खेत के एक हिस्से में ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की। उन्होंने उद्यान विभाग से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त किया और वैज्ञानिक तरीके से पौधरोपण, सिंचाई और देखभाल की प्रक्रिया अपनाई। धीरे-धीरे उनके प्रयास रंग लाने लगे। पौधों की अच्छी वृद्धि हुई और कुछ समय बाद उन्हें उत्पादन भी मिलने लगा। ड्रैगन फ्रूट की बाजार में अच्छी कीमत मिलने के कारण उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जहां पहले पारंपरिक खेती से सीमित आय होती थी, वहीं अब कम लागत में अधिक लाभ मिलने लगा।



आज जय सिंह अपने क्षेत्र में एक प्रगतिशील किसान के रूप में पहचाने जाते हैं। उनकी सफलता की कहानी यह साबित करती है कि सही जानकारी, प्रशिक्षण और साहस के साथ कोई भी किसान अपनी परिस्थितियों को बदल सकता है। ड्रैगन फ्रूट की खेती के माध्यम से जय सिंह ने यह दिखा दिया है कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और आधुनिकता को अपनाकर न केवल आय बढ़ाई जा सकती है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जा सकता है।

उत्तर प्रदेश में बागवानी फसलों को बढ़ावा देने और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार नवाचारपूर्ण पहल कर रही है। इसी क्रम में उद्यान विभाग द्वारा ड्रैगन फ्रूट जैसी उच्च मूल्य वाली फसल को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक अनुदान योजना संचालित की जा रही है। ड्रैगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा देने हेतु एक इकाई स्थापित करने में लगभग 6.75 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की लागत आती है, जिसके सापेक्ष प्रदेश सरकार 40 प्रतिशत की दर से 2.70 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान प्रदान कर रही है। यह आर्थिक सहायता किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है, जिससे वे बिना अधिक वित्तीय दबाव के आधुनिक एवं लाभकारी खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## बाजार में ...

डॉ जसपाल सिंह

# ठंडा करने वाली बर्फ से पेय तकरू ठंडक का भ्रम स्वास्थ्य खर्च और सामाजिक असर

जब हमें सफर करते समय या शॉपिंग करते समय प्यास लगती है तो गर्मियों में ठंडे पेयकृजूसए शरबतए लस्सीए गोलगप्पे का पानी और रायताकृसिर्फ स्वाद ही नहींए बल्कि राहत का भी माध्यम होते हैं। सड़क किनारे ठेलों से लेकर बड़े होटलों और शादी समारोहों तकए हर जगह इन पेयों में बर्फ का उपयोग आम है। लेकिन एक महत्वपूर्ण प्रश्न जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैंए वह हैकृक्या यह बर्फ वास्तव में पीने योग्य हैघ् अधिकांश लोग ठंडी और साफ दिखने वाली बर्फ को सुरक्षित मान लेते हैंए जबकि वास्तविकता कई बार इससे अलग होती है।

बाजार में उपलब्ध बड़ी.बड़ी बर्फ की सिल्लियाँ सामान्यतः श्कूलिंगश् यानी केवल ठंडा करने के उद्देश्य से बनाई जाती हैंए न कि सीधे खाने.पीने के लिए। इनका निर्माण कई बार ऐसे पानी से होता है जो पीने योग्य नहीं होता। समस्या तब गंभीर हो जाती है जब यही बर्फ बिना किसी जांच या जानकारी के सीधे पेय पदार्थों जैसे शरबतए जूसए गोलगप्पे का पानी या रायता में मिला दी जाती है। इस स्थिति में बर्फ केवल ठंडक नहीं देतीए बल्कि बीमारी का माध्यम भी बन जाती है। वैज्ञानिक अध्ययनों और स्वास्थ्य रिपोर्ट्स से इस खतरे की पुष्टि होती है। भारत और दक्षिण एशिया में किए गए कई माइक्रोबायोलॉजिकल अध्ययनों में पाया गया है कि 60 से 80 प्रतिशत तक बर्फ के नमूनों में बवसपवितउ इंबजमतपं मौजूद थेए जो दूषित पानी का संकेत है। कुछ मामलों में म्ण् बवसप और ◌ँसउवदमससं जैसे हानिकारक बैक्टीरिया भी पाए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसारए विश्व स्तर पर हर वर्ष लगभग 60 करोड़ लोग दूषित भोजन और पेय के कारण बीमार पड़ते हैं। भारत में ही अनुमानतः 3 से 5 करोड़ लोग प्रतिवर्ष जलजनित बीमारियों जैसे डायरियाए टाइफाइड और हेपेटाइटिस से प्रभावित होते हैं।



समस्या केवल बर्फ के स्रोत तक सीमित नहीं हैए बल्कि उसके उपयोग और हैंडलिंग में भी है। अक्सर बर्फ की सिल्लियाँ खुले में रखी जाती हैंए जहां वे धूलए धुएं और प्रदूषण के संपर्क में आती हैं। इन्हें बिना स्वच्छता के हाथों से उठाया जाता है या गंदे औजारों से काटा जाता है। बड़े आयोजनोंए भंडारों और होटलों में मात्रा की अधिकता और लागत के दबाव के कारण गुणवत्ता पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। गोलगप्पे के पानी या बड़े टैंकों में तैयार शरबत में जब यह बर्फ मिलती हैए तो उसमें मौजूद सूक्ष्म जीव सीधे मानव शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ठंडक बैक्टीरिया को समाप्त नहीं करतीए बल्कि कई बार उन्हें जीवित बनाए रखती है। इसका प्रभाव बच्चोंए बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों पर अधिक गंभीर होता है। बीमारी केवल शारीरिक समस्या नहीं होतीए बल्कि इसका सीधा असर परिवार की आर्थिक स्थिति और मानसिक संतुलन पर भी पड़ता है। एक सामान्य फूड पॉइजनिंग या डायरिया के इलाज में 1ए000 से 5ए000 तक खर्च हो सकता है ।

## जरा हटके

## सच्चाई यह है कि...

राजेश खण्डेलवाल

# परंपराओं से दूरी और टूटता सामंजस्य

आज का समाज एक अजीब अंतर्द्वंद्व से गुजर रहा है। एक तरफ हमारे पास तकनीक की रफ्तार है तो दूसरी तरफ रिश्तों की घटती गहराई। जब हम युवा पीढ़ी के रीति-रिवाजों से दूर होने, शादियों में देरी और परिवारों में बढ़ते मनमुटाव को देखते हैं, तो उंगली दूसरों पर उठाने से पहले खुद के गिरेबां में झांकना जरूरी हो जाता है।

हमने अपनी परम्पराओं को केवल बाहरी आडंबर और दिखावे तक सीमित कर दिया है। जब घर के बड़े रीति-रिवाजों के पीछे छिपे वैज्ञानिक और आध्यात्मिक अर्थ युवा पीढ़ी को नहीं समझा पाते, तो वे इसे 'बोझ' समझने लगते हैं। हम खुद तो अपनी जड़ों से कटे, लेकिन उम्मीद की कि बच्चे उन्हें थामे रखें। युवा पीढ़ी को दोष देने से पहले हमें यह सोचना होगा कि क्या हमने उन्हें परम्पराओं का 'सौंदर्य' दिखाया है या केवल 'डर'? आज शादियां 30 की उम्र पार कर रही हैं। इसके पीछे केवल करियर ही एकमात्र कारण नहीं है, बल्कि बढ़ती अपेक्षाएं और कम होता 'एडजस्टमेंट' (सामंजस्य) का भाव है। हमने अपनी अगली पीढ़ी को 'सफल' होना तो सिखाया, लेकिन 'सहज' होना नहीं सिखाया। रिश्तों में 'मैं' की प्रधानता और 'हम' की कमी ने विवाह जैसे पवित्र बंधन को एक समझौते की तरह पेश कर दिया है, जिससे युवा कतराने लगे हैं।

आज के परिवारों में बिखराव की सबसे बड़ी वजह है 'अहंकार' और 'संवादहीनता'। कई बार बड़े-बुजुर्ग अपनी सत्ता छोडने को तैयार नहीं होते और नई पीढ़ी के नए विचारों को स्वीकार नहीं कर पाते। आधुनिकता की दौड़ में युवा यह भूल जाते हैं कि अनुभव का कोई विकल्प नहीं होता। 'प्राइवेसी' के नाम पर अपनों से ही दूरी बनाना सामंजस्य को खत्म कर रहा है। हम भूल गए हैं कि एक घर तभी मंदिर बनता है, जब उसमें बड़ों का आशीर्वाद और छोटों का उत्साह साथ चले।



सच्चाई यह है कि हमने भौतिक सुखों को रिश्तों से ऊपर रख दिया है। हम स्वयं जिम्मेदार हैं क्योंकि हमने बच्चों को गैजेट्स तो दिए, लेकिन दादा-दादी की कहानियां नहीं। हमने उन्हें डिग्री दिलाई, लेकिन धैर्य और सहनशीलता के संस्कार नहीं दिए।

हमने अपनी सुविधाओं के लिए 'न्यूक्लियर फैमिली' को चुना, जिससे वे रिश्तों की गर्माहट भूल गए।

समय आ गया है कि हम आत्म-मंथन करें । यदि हम चाहते हैं कि हमारी परंपराएं जीवित रहें और परिवार महकता रहे, तो हमें अपनी जीवनशैली में लचीलापन लाना होगा। बड़ों को 'मित्र' बनना होगा और छोटों को 'कृतज्ञ'। रिश्तों की डोर तभी मजबूत होगी जब उसे 'अपेक्षाओं' से नहीं, बल्कि 'अपनत्व' से बांधा जाएगा। याद रखिए, जड़ें अगर मजबूत न हों, तो आधुनिकता की आंधी किसी भी ऊंचे वृक्ष को धराशायी कर सकती है। क्या आप मानते हैं कि संवाद की कमी ही आज के पारिवारिक संघर्षों की सबसे बड़ी जड़ है?

# नकारात्मक भाव

हमारे द्वारा गौर करने पर पता चलता है कि जीवन में नकारात्मक भाव तो अपने आप आते रहते हैं पर सकारात्मक भाव हमको प्रयत्न करने पर भी बड़ी मुश्किल से आते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सकारात्मकता ज्यादा दुर्लभ है उसे प्रयत्न कर सुलभ करना पड़ता है । जीवन में जब सुंदर मनभावन प्रसंग आते हैं तब तो कोई बात ही नहीं स्वतः मन प्रसन्न रहता है। मन में सकारात्मकता का प्रादुर्भाव होता है। मानव के जीवन तंत्र में मन सर्वशक्तिमान है जिसकी सोच की रचनात्मक शक्ति व विनाशकारी शक्ति दोनों ही सघन हैं। वह जितनी भी तकनीकी या अन्य भी विकास हुआ है वह तभी हुआ है जब मन ने मानव को अपनी रचनात्मक सोच का प्रकाश दिया है। वह इसके विपरीत विश्व युद्ध आदि में मानव मन की विपरीत सोच ने ही तो विनाश का इतिहास रचा है । इसी तरह हमारा दैनिक कार्यक्रम भी चलता है जैसे मन चलाता है।इसीलिए कहा जाता है कि हमारे जीवन संचालन में मुख्य भूमिका मन निभाता है । यह भी अतिशयोक्ति नहीं है कि हमारे अच्छे-बुरे भाग्य का निर्माता भी मन ही है । कहा भी तो है कि मन के हारे हार है मन के जीते जीत, मन के चाहे बैर है , मन के चाहे प्रीत। अब हमारे हाथ है कि हम हार चाहते हैं या जीत।हम बैर चाहते हैं कि प्रीत। अपने भीतर में व्याप्त अलग-अलग तरह की ऊर्जा का नकारात्मक लोग हमेशा नकारात्मक दृष्टिकोण ही रखते हैं। वह सदा शिकायतों और दूसरों से तुलना के धुएं में जीते हैं। जहां व्यक्ति नकारात्मक भाव में चला जाता हैं, वहां कितनी समस्याएं पैदा होती हैं । उसके लिए कुछ भी अकरणीय नहीं रहता हैं । वह अच्छे-बुरे का विवेक भी समाप्त हो जाता हैं । वह अकल्पित काम भी कर देता हैं । नकारात्मक भाव या आत्मसंवाद मन में नकारात्मकता के भाव भर देगा । अतः हम सुने ध्यान से अपने मन में उठ रहे अनर्गल विचारों को और अनदेखा नकारात्मकता के भावों को कर दें। एक दिन मैं देखता हूँ कि मोबाइल चलते-चलते कभी धीरे चलने लगता है तो कभी हैंग होने लगता है। एक जानकार ने बताया कि इसे हलका करना जरूरी है फोन ओवरलोड हो गया है। इसलिए चलने में यह दिक्कत करता है। मैंने बेकार की तस्वीरें, फाइलें, डाटा आदि डीलीट कर दिये। चमत्कार सा हो गया । फोन चलने ही नहीं, दौड़ने लग गया।

**> प्रदीप छाजेड़**

# काशी में अस्पताल में बाथटब लगाया, कामाख्या एक्सप्रेस का एसी फेल, यात्रियों का हंगामा

# यूपी में भीषण गर्मी, विंडो एसी आग का गोला बनी

**चेतावनी**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/ वाराणसी/ प्रयागराज / कानपुर/गोरखपुर। यूपी भीषण गर्मी की चपेट में है। अप्रैल महीने में ही जून जैसी गर्मी का एहसास हो रहा है। पारा 47C के पार पहुंच गया है। सोमवार सुबह से तेज धूप निकली है। आसमान में बादलों की आवाजाही के बीच तेज हवाएं चल रही हैं। हीटवेव की वजह से अस्पतालों में उल्टी-दस्त के मरीज बढ़ गए हैं। काशी के सरकारी अस्पताल में कोल्ड रूम बनाया गया है। हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए चार बेड अलग से लगाए गए हैं।



तस्वीर गोरखपुर की है। यहां भीषण गर्मी के बीच विंडो AC में आग लग गई।

वार्ड में बाथ टब भी लगाया गया है। गोरखपुर में घर में लगी विंडो AC में आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। परिवारवालों ने भागकर अपनी जान बचाई। आगरा में कामाख्या एक्सप्रेस के थर्ड एसी कोच के AC में खराबी आ गई। यात्रियों को कानपुर तक 6 घंटे भीषण गर्मी में सफर करना पड़ा। हंगामे के बाद कानपुर में कोच बदला गया। अमेठी में ट्रांसफॉर्मर को ठंडा रखने के लिए पाइप से पानी डाला जा रहा।

## प्रयागराज में भीषण गर्मी का अलर्ट

प्रयागराज पिछले एक हफ्ते से उत्तर प्रदेश के सबसे गर्म जिलों में से एक बना हुआ है। दिन का तापमान 44 डिग्री के आसपास है। राहगीरों को परेशानी हो रही है। लोग धूप से बचने के लिए गमछा और छाते का इस्तेमाल कर रहे हैं। कई इलाकों में बिजली ट्रिपिंग की भी समस्या हो रही है, जिससे लोगों को काफी दिक्कत सामना करना पड़ रहा है।

> **प्रदेश में आज दोपहर में लू चलने के साथ कहीं-कहीं रात भी गर्म होने के आसार हैं। नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद कल से गरज-चमक के साथ बारिश का नया दौर शुरू होगा। अगले 5 दिन में तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट आ सकती है। लू से भी कुछ हद तक राहत मिलेगी।**

## मेरठ में दोपहर के वक्त घर से न निकलने की सलाह

मेरठ में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। तेज धूप और उमस भरी गर्मी के चलते लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं, जिससे सड़कों पर सन्नाटा नजर आ रहा है। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं, खुद को हाइड्रेटेड रखें और खासतौर पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें। भीषण गर्मी को देखते हुए लू का रेड अलर्ट भी जारी किया गया है। ऐसे में बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।



## लखनऊ में आज रिकार्ड तोड़ेगी गर्मी, 44 डिग्री पहुंचेगा पारा

लखनऊ में आज सुबह से तेज धूप निकली है। भीषण गर्मी पड़ रही है। तपन जैसी स्थिति है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री पहुंचेगा। इससे आज लखनऊ सीजन का सबसे गर्म दिन होगा। हीट वेव का असर बना रहेगा।

**इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश में 14 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही 60 जिलों में लू की चेतावनी दी है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो बांदा 46.6 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा लगातार दूसरे दिन प्रदेश में सबसे गर्म रहा। इससे पहले शनिवार को बांदा देश में सबसे गर्म रहा था। तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।**



## गोरखपुर में विंडो एसी आग का गोला बनी, परिवार ने भागकर जान बचाई

गोरखपुर के राजघाट थाना क्षेत्र के मिर्जापुर में सोमवार सुबह एक चार मंजिला घर में आग लग गई। घर के थर्ड फ्लोर पर लगी विंडो AC में लगी। देखते ही देखते आग पूरे फ्लोर पर फैल गई। परिवार के लोग चिल्लाते हुए नीचे की तरफ भागे। आस-पास के लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर स्टेशन गोलघर को सूचना दी। सूचना मिलते ही राजघाट पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड टीम आग बुझाने का काम शुरू कर दी है। 2 घंटे में आग पर काबू पा लिया गया । मिर्जापुर निवासी ऋषभ कश्यप ड्राइ फ्रूट्स का काम करते हैं।

# यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

## जाम प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा, वन-वे, ई-रिक्शा संचालन एवं अतिक्रमण नियंत्रण पर दिए निर्देश

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी। शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने सोमवार सायंकाल पटेल तिराहा, पुराना बस स्टैंड, छाया चौराहा, नेबलेट चौराहा तथा धनोखर क्षेत्र सहित जाम प्रभावित स्थानों का पैदल स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यातायात अवरोध के कारणों, सड़क किनारे अतिक्रमण, ई-रिक्शा संचालन, वेंडिंग जोन की स्थिति तथा चौराहों पर यातायात दबाव की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख मार्गों पर पूर्व से लागू वन-वे व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू कराया जाए तथा जाम प्रभावित क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन के लिए समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने ई-रिक्शा संचालन को सुव्यवस्थित करने हेतु



प्रमुख चौराहों पर स्थान चिन्हित कर वहीं से सवारी बैठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क किनारे अनियंत्रित ठहराव एवं अव्यवस्थित पार्किंग को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

छाया चौराहा एवं वेंडिंग जोन क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जाम प्रभावित क्षेत्रों में सड़क किनारे संचालित प्रतिष्ठानों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर यातायात सुधार के लिए व्यावहारिक एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। चचायें ये भी कि पैदल पथ पर सब्जीं की दुकानें प्रभावित कर रहीं शहर को जाममुक्त, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित सुगम रास्ता होगा।

# मंडल हुजूरपुर में जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई

**तमसा संकेत, संवाददाता**

हुजूरपुर ( बहराइच) । सोमवार को विधानसभा पयागपुर के मंडल हुजूरपुर में जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई । पद यात्रा विकास खण्ड मुख्यालय से चलकर हुजूरपुर चौराहे तक पहुंची जहां विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महिलाएं विकास खण्ड सभागार पहुंची जहां विधायक सुभाष त्रिपाठी ने ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा नारी वंदन अधिनियम को पारित न होने देकर विपक्ष ने देश की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस ने महिला नारी बन्दन अधिनियम का विरोध संसद में किया जिससे यह अधिनियम पास नहीं हो सका देश की आधी आबादी महिलाएं इन लोगों को कभी माफ नहीं करेगी। इस दौरान अजीत प्रताप सिंह ब्लाक प्रमुख हुजूरपुर, जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह , डाक्टर महेंद्र पाठक ,




निशंक त्रिपाठी, विधानसभा संयोजक पयागपुर , सत्य प्रकाश सिंह ,जिला संयोजक किसान मोर्चा दुर्गेश कुमार सिंह रैकवार मंडल अध्यक्ष,सुधीर निषाद महामंत्री,कार्यक्रम संयोजक फूलमती देवी ,मंडल उपाध्यक्ष पंचानन सिंह, कुसुम देवी , शोभावती देवी मंडल उपाध्यक्ष,रुपा सिंह मंडल मंत्री, मिथिलेश सिंह मंडल मंत्री, कुसुम सिंह, आशा देवी, पुष्पा देवी, अर्चना, किरण मिश्रा, सुशीला देवी, विमला देवी, संजू सिंह, रेनू पाल, आरती देवी, सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थिति रही।

## निधन पर जताया शोक दी भावभीनी श्रद्धांजलि

मथुरा। सोनी समाज युवा समिति (रजि.) मथुरा के उपाध्यक्ष सोनू वर्मा की माता जी राजकुमारी वर्मा के असामयिक निधन पद स्वर्णकार समाज के गणमान्य व्यक्तियों सहित विभिन्न संगठनों ने शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।अखिल भारतीय स्वर्णकार जनजागृति एसोसिएशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व.राजकुमारी वर्मा का निधन अपूर्णीय क्षति है।वो एक सामाजिक ,धार्मिक महिला थीं।

शोक व्यक्त करने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन लाल वर्मा, डा.देवेंद्र कुमार,ओमप्रकाश वर्मा,दिनेश वर्मा, पंकज स्वर्णकार,नारायण दास वर्मा,दीपक वर्मा सभासद,सुनील वर्मा,स्वर्णकार समाज संगठन बलदेव के बबलू सौनी एवं दिलीप सोनी अवैरनी वाले, मुकेश सौनी पटलोनी वाले, दिलीप वर्मा, रिंकेश्वर प्रसाद सोनी,ललित सौनी, सुनील सोनी पटलोनी वाले, दीपक सोनी, हरिओम वर्मा दादा आदि प्रमुख हैं।

# संत प्रेमानंद महाराज से मिले एक्टर गोविंदा एकांतिक मुलाकात की

## बांके बिहारी के दर्शन किए, बोले- मन को शांति मिली

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मथुरा। अभिनेता गोविंदा सोमवार को मथुरा के वृंदावन पहुंचे। गोविंदा ने संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। यहां एकांतिक वार्तालाप कर उनका आशीर्वाद लिया। यहां से वह बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान बांके बिहारी जी के दर्शन किए।

जगमोहन की देहरी पर इत्र लगाया। इसके बाद सेवायत गोपी गोस्वामी ने गोविंदा को भगवान बांके बिहारी जी का प्रसाद और अंग वस्त्र भेंट किया। दर्शन करने के बाद गोविंदा गोपी गोस्वामी की गद्दी पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान का बाल भोग ग्रहण किया। गोविंदा ने कह कि मथुरा आकर सुकून और शांति मिली। 1992 की 'शोला और शबनम' और 1993 की 'आंखें' ने



गोविंदा को कॉमिक हीरो बना दिया, जो 1993 की सबसे बड़ी हिट थी। ''शोला और शबनम' को गोविंदा के करियर का पहला कम बैक कहा जाता है। इसके बाद गोविंदा ने फिल्म के डायरेक्टर डेविड धवन के साथ 'राजा बाबू', 'कूली नंबर 1', 'हीरो नंबर 1', 'दूल्हे राजा', 'बड़े मियां छोटे मियां', 'हसीना मान जाएगी' जैसी 10 से ज्यादा ब्लॉकबस्टर फिल्में कीं।

गोविंदा की 'रंगीला राजा' 2019 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म फ्लॉप रही और गोविंदा को फिर से ब्रेक लेना पड़ा था। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर गोविंदा ने अपनी आने वाली फिल्मों 'बाएं हाथ का खेल', 'पिंकी डार्लिंग', 'लेन देन' और 'दुनियादारी' के साथ वापसी का ऐलान किया था। इसके अलावा सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में गोविंदा काम कर रहे हैं। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'पार्टनर 2' पर चर्चाएं गरमाई हैं, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है।

# ग्राम समाज की भूमि से कब्जा हटाने गई टीम के सामने छप्पर में लगाई आग

# सरकारी कार्य में बाधा का आरोप मुकदमा दर्ज

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटाने पहुंची राजस्व व पुलिस टीम के सामने ही आरोपितों द्वारा छप्पर में आग लगाने और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगा है। मामले में लेखपाल की ओर से थाने में तहरीर देकर






मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। जबकि अशोक व शिव प्रसाद पुत्रगण लोगों का कहना था कि सरकारी भूमि है इस तरह अन्य लोग भी तो कब्जा किए हुए नहीं हटाएंगे जिसके बाद प्रशासन का दबाव देखते हुए खुद झोपड़ी को आग के हवाले कर दिया।

## टीम ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया

टीम ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया और आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार की गई। प्रार्थी रवि प्रकाश, निवासी ग्राम करपिया, पोस्ट नेवला करसण्डा, थाना मसौली ने थानाध्यक्ष मोहम्मदपुर खाला को तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## हॉस्टल में बेहोश मिलीं, 2 महीने पहले सीनियर डॉक्टर पर बदसलूकी का आरोप लगाया था

# महिला डॉक्टर ने की खुदखुशी

**तनाव**

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में 28 साल की महिला डॉक्टर ने सुसाइड कर लिया है। रविवार शाम को डॉक्टर वर्तिका हॉस्टल के कमरे में बेहोश मिलीं। पुलिस ने उन्हें दरवाजा तोड़कर निकाला और एसएन मेडिकल कॉलेज ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वारदात का पता उस वक्त चला, जब डॉक्टर अपनी मां का फोन नहीं उठा रही थीं। मां ने वर्तिका के साथ पढ़ाई कर रहे डॉक्टर सिद्धार्थ शर्मा को फोन कर कमरे में भेजा। उन्होंने देखा तो कमरा अंदर से बंद था। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

लखनऊ की रहने वाली वर्तिका MBBS करने के बाद मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय से एमडी की पढ़ाई कर रही थीं। उन्होंने 2 महीन पहले यानी फरवरी में सीनियर रेजिडेंट पर बदसलूकी का आरोप लगाया था। संस्थान ने कमेटी से जांच कराई, लेकिन आरोप साबित नहीं हुए। बताया जा रहा है कि तभी से वह तनाव में थीं।



वर्तिका, मृतक

छात्रा की मौत के बाद पुलिस कई सवालों के जवाब तलाश रही है। वह इतने तनाव में क्यों आ गई? उसे आत्महत्या क्यों करनी पड़ी? चर्चा है कि जबसे उसने सीनियर डॉक्टर के खिलाफ शिकायत की और जांच में कुछ भी साबित नहीं हुआ, तब से वह तनाव में थी।

**डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास ने बताया शुरुआती जांच में नींद की गोलियों की ओवरडोज से सुसाइड की आशंका है। हालांकि, कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल हॉस्टल में कमरे को सील कर दिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी है। आज शव का पोस्टमॉर्टम होगा। मौत की वजह तभी स्पष्ट होगी।**

### 27 मार्च को भी सुसाइड की कोशिश की थी

संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश राठौर ने बताया- 27 मार्च को भी छात्रा ने जान देने का प्रयास किया था। तब नींद की गोलियों की ओवरडोज ले ली थी। अस्पताल में हालत में सुधार हुआ था। उसे परिजन लेकर चले गए थे। उसका मनोचिकित्सक से उपचार भी चल रहा था। उसे आत्महत्या संबंधी विचार भी आया करते थे। इसलिए परिजन उसका ख्याल रख रहे थे। 3 दिन पहले ही वापस आगरा आई थी।

### सीनियर रेजिडेंट की शिकायत भी खंगाली जाएगी

यह देखा जा रहा है कि उसने सीनियर रेजिडेंट की शिकायत कहां-कहां की। कमेटी ने क्या किया? अगर कोई सुसाइड नोट सामने आता है तो उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। निदेशक डॉ. दिनेश राठौर ने बताया-घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम बनाई गई हैं, जिसमें डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. चंचल चंद्रा और डॉ. सुमित्रा मिश्रा शामिल हैं। कमेटी पूरे प्रकरण की जांच करेगी। इसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी



यह तस्वीर मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय आगरा की है। यहीं से छात्रा एमडी की पढ़ाई कर रही थी।

## उद्यमियों, व्यापारियों एवं श्रमिक हितों के प्रकरणों का प्राथमिकता से हो समाधान

तमसा संकेत, संवाददाता



**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वाणिज्य बंधु, उद्योग बंधु एवं श्रम बंधु समितियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न**

बाराबंकी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वाणिज्य बंधु, उद्योग बंधु एवं श्रम बंधु समितियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापार, उद्योग एवं श्रमिक हितों से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि उद्यमियों, व्यापारियों एवं श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनपद में सुगम व्यापारिक एवं औद्योगिक वातावरण विकसित हो सके। बैठक में सर्वप्रथम जिला वाणिज्य बंधु समिति के अंतर्गत शहर की यातायात व्यवस्था, बाजार प्रबंधन, पार्किंग एवं अतिक्रमण से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख मार्गों पर पूर्व से लागू वन-वे व्यवस्था को कड़ाई से प्रभावी कराया जाए, जिससे यातायात सुचारु बना रहे और जाम की स्थिति न उत्पन्न हो। उन्होंने ई-रिक्शा संचालन को सुव्यवस्थित करने हेतु प्रमुख चौराहों पर स्थान चिन्हित कर वहीं से सवारी बैठाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही परिवहन निगम की बसों को केवल निर्धारित स्थलों से ही सवारी बैठाने के निर्देश दिए, ताकि सड़क किनारे अव्यवस्थित ठहराव के कारण यातायात प्रभावित न हो। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में बेतरतीब विद्युत तारों, अतिक्रमण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

**फास्ट न्यूज**

### मंटोला में केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

आगरा । आगरा के मंटोला क्षेत्र में एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। ज्वलनशील रसायनों के कारण आग तेजी से फैल गई, जबकि फायर ब्रिगेड और पुलिस आग पर काबू पाने में जुटी हुई है। आसपास के लोग दहशत में आ गए हैं। अंदर ड्रम फटने से धमाके हो रहे हैं। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### बीजेपी पार्षद ने जल-निगम के जेई को धूप में बैठाया

कानपुर । कानपुर में बीजेपी पार्षद ने जल निगम के जेई को कड़ाके की धूप में बैठा दिया। वह करीब 1 घंटे तक बैठे रहे। 3 दिन पहले मार्बल मार्केट में सड़क बनने से वाटर और सीवर लाइन की पाइप टूट गई थी। इससे लोगों के घरों में गंदा पानी जाने लगा। स्थानीय लोगों ने सही करने के लिए कई बार शिकायत की, लेकिन सही नहीं हो सका।

सोमवार को जैसे ही जल निगम के जेई मौके पर पहुंचे, तो उन पर पार्षद शालू कनौजिया भड़क उठीं। जेई और पार्षद के बीच कहासुनी हो गई।

### नाबालिग भांजी से शादी का करने का बना रहा दबाव

आगरा । आगरा के लोहामंडी थाना क्षेत्र में एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां एक रिश्ते के मामा पर अपनी 15 वर्षीय भांजी से शादी करने का दबाव बनाने और आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने का मामला दर्ज हुआ है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खाद्य प्रसंस्करण नीति-2023 से निवेश व रोजगार को नई गति

### किसानों की आय वृद्धि और स्टार्ट-अप को मिलेगा सशक्त समर्थन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति से निवेश, रोजगार और निर्यात को नई रफ्तार मिल रही है।प्रदेश सरकार द्वारा लागू उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2023 का उद्देश्य राज्य में निवेश, रोजगार और निर्यात को प्रोत्साहित करते हुए किसानों की आय में वृद्धि करना है। उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व व निर्देशन मे खाद्य प्रसंस्करण विभाग, खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे सुदृढ़ नीति एवं पारदर्शी व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। कृषि उत्पादन आयुक्त, उ०प्र० शासन श्री दीपक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग



नीति-2023 के अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय इम्पावर्ड समिति (एस.एल.ई.सी.) की बैठक कृषि उत्पादन आयुक्त कार्यालय सभागार मे संपन्न हुई। बैठक में समिति के समक्ष 18 नए निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, इन प्रस्तावों में स्टार्च निर्माण, डेयरी उत्पाद, पास्ता एवं मुरमुरा उत्पादन, पोल्ट्री एवं कैटल फीड, ऑर्गेनिक उत्पाद प्रसंस्करण तथा विभिन्न खाद्य उत्पादों के विनिर्माण से संबंधित इकाइयां सम्मिलित हैं। समिति द्वारा इन प्रस्तावों पर विस्तार से विचार करते हुए आवश्यक अनुमोदन प्रदान किया गया।

**हंगामा : अधिकारी-कर्मचारी भागे, बोलीं- जबरन स्मार्ट मीटर लगाए, 3 गुना आ रहा बिजली बिल**

# महिलाओं ने पावर हाउस घेरा-ताला जड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । स्मार्ट मीटर से नाराज महिलाओं ने लखनऊ के इंदिरा नगर पावर हाउस को घेरकर हंगामा किया। गेट पर ताला जड़ दिया और असिस्टेंट इंजीनियर के चैम्बर में धरने पर बैठ गईं। महिलाओं का गुस्सा देखकर अधिकारी-कर्मचारी ऑफिस छोड़कर भाग गए। AIDWA की मधु गर्ग ने कहा- पुलिस की धमकी देकर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए गए।

अडानी की कंपनी को ठेका दिया गया। जहां पहले 500 रुपए महीने का बिजली बिल आता था। अब 1500 से 2000 तक बिजली का बिल आ रहा है। महिलाओं के घर का बजट बिगड़ गया है। स्मार्ट मीटर तुरंत हटाए जाएं।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने करीब तीन घंटे तक ऑफिस घेरे रखा। मेन गेट पर ताला लगाकर किसी को भी अंदर आने से रोक दिया। बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं से सम्पर्क कर एक्शन लेने का वादा किया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ।



**एआईडीडब्ल्यूए संगठन की सदस्य महिलाएं बड़ी संख्या में दोपहर करीब एक बजे इंदिरा नगर सेक्टर- 25 स्थित पावर हाउस पहुंच गईं। यहां स्मार्ट मीटर के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया।**

**स्मार्ट मीटर एक धोखाधड़ी है**

महिलाओं ने कहा- स्मार्ट मीटर एक धोखाधड़ी है। यह मीटर क्यों लग रहा है। महिलाओं को इसके बारे में कुछ नहीं बताया गया। इसके बारे में सही जानकारी भी नहीं है। मीटर गुमराह करके जबरदस्ती लगा दिया गया। अब हर हफ्ता बिजली कट रही है। पहले 500 बिल देते थे। आज 1500 और 2000 बिजली बिल दे रहे हैं। हमारी एक महिला साथी के घर में शादी थी। बिजली काट दी गई। बिल जमा करने के बाद भी 2 दिन तक लाइट नहीं आई। अब गरीब महिलाएं अपने घर में एक बल्ब जलाने के लिए भी मोहताज हैं। यह बिजली विभाग के कर्मचारी अधिकारी अपने घरों में स्मार्ट मीटर क्यों नहीं लगाते। सिर्फ गरीबों को ही टारगेट किया जा रहा है।

संगठन की मधु गर्ग ने कहा- जबरदस्ती घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जो हमें स्वीकार नहीं है। जिन महिलाओं ने स्मार्ट मीटर लगाने से मना किया। उन्हें पुलिस बुलाने की धमकी दी गई। 10000 जुर्माना लगाने की बात कही गई।



महिलाएं असिस्टेंट इंजीनियर सुजीत कुमार के चैम्बर में जमीन पर बैठ गईं। वे कमरा छोड़कर चले गए।

यह स्मार्ट मीटर अडानी कंपनी का है जो सिर्फ बिजली के नाम पर लोगों को परेशान करने के लिए है।

# डीएम ने राया मंडी के गेहूं क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

### किसानों से संवाद कर जानी समस्याएं, पारदर्शी व समयबद्ध खरीद के दिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सोमवार को राया मंडी में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली और केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से संचालित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तौल व्यवस्था, भुगतान प्रक्रिया और साफ-सफाई की स्थिति का गहन अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में 28 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां समर्थन मूल्य पर खरीद की जा रही है। सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जबकि मंडी में 2300 से 2400 रुपये प्रति कुंतल की दर से खरीद हो रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक क्रय केंद्रों पर ही अपना गेहूं बेचें, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के 24 घंटे के भीतर भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में कर दिया जाता है। सरकार का उद्देश्य है कि किसानों की उपज समय पर और उचित मूल्य पर खरीदी जाए तथा उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए।

### कानपुर- मामा की धमकी से परेशान होटलकर्मी ने किया सुसाइड

कानपुर । कानपुर के महाराजपुर में होटल कर्मचारी ने शनिवार को जहर खा लिया। साथी कर्मचारियों ने मामले की जानकारी देकर आनन–फानन में उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान रविवार दोपहर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि युवक के अपनी मामी में पिछले डेढ़ साल से अवैध संबंध थे।

जानकारी होने पर मामा ने उसके खिलाफ काकोरी थाने में FIR दर्ज कराई थी। परिजनों ने बताया कि मामा उसे फोन कर धमका रहे थे, जिसके चलते युवक ने लस्सी में सल्फास मिलाकर सुसाइड कर लिया। इस दौरान उसने लस्सी में सल्फास घोलते हुए वीडियो बनाया, अपनी बहन को वीडियो भेजा था।

मूलरूप से लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के पलैंधा, ईंटगांव निवासी आकाश (23) महाराजपुर स्थित पंडित होटल में 6 साल से काम कर रहा था। परिवार में भाई विकास, ऋतिक और बहन स्वीटी, पलक, ममता और रिंकी हैं।

# सदर उपजिलाधिकारी महोबा को दिया गया ज्ञापन

तमसा संकेत, संवाददाता

महोबा । परम पुनीता गौ माता के सेवा, सम्मान और सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दृष्टि यह देशव्यापी अभियान गौ माता और नंदी बाबा की अध्यक्षता और पूज्य संत समाज के आशीर्वाद से संपूर्ण भारतवर्ष में चलाया जा रहा है गौ सम्मान आह्वान अभियान 27/4/26 सुबह 11 बजे से अपनी निकटतम तहसील में पहुंचकर यह ज्ञापन दिया जाना था इसका मूल उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता बनाया जाए गौधन को सुरक्षित और संरक्षित किया जाए गौ हत्या प्रतिबंधित हो गौ महिमा के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए गौ उत्पादों के प्रति आमजनों को जागृत कर गौ उत्पादों जैसे गोबर, गौमूत्र, इत्यादि के उपयोग की जानकारी हो जिससे बंजर होती वसुधा को बचाया जा सके, गौ अभ्यारण्य एवं नंदी शाला का



निर्माण हो ताकि गौ माता और गौवंश की वृद्धि हो गौ माता को राष्ट्र माता अथवा राष्ट्रीय धरोहर का स्थान प्राप्त हो इस उद्देश्य से माननीय महामहिम राष्ट्रपति महोदया, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी, माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी उत्तरप्रदेश, एवं माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तरप्रदेश जी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर महोबा जी के माध्यम से लगभग 1800 से अधिक गौभक्त के हस्ताक्षर से युक्त ज्ञापन शासन को सौंपा गया , गौ माता के सम्मान में हर सनातनी मैदान में है इस अवसर पर संत समाज का प्रतिनिधत्व कर रहे पूज्य महंत श्री देवीचरण शुक्ल जी, निधि त्रिपाठी जी जिला प्रभारी गौ सम्मान आह्वाहन अभियान,श्री मनोज शुक्ला जी सहप्रभारी गौ सम्मान आह्वाहन अभियान , श्री अनुज तिवारी जी तहसील प्रभारी, श्री कुलदीप नगायच जी भरत तिवारी जी, विनोद जी, गौभक समाज सेबी श्री शिवदत्त त्रिपाठी जी , नीरज पांडे जी, अमित शर्मा जी, जगरूप जी सहित सैकड़ों गौभक्त उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'टीएमसी ने बंगाल...

हिंदुओं के किसी भी प्रमुख त्योहार से पहले यहां उपद्रव शुरू हो जाता है, कर्फ्यू लगा दिया जाता है और सरेआम हत्याएं होती हैं। लव और लैंड जिहाद जैसी घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं, लेकिन टीएमसी मौन साधे रहती है। आज इस मौन और अन्याय के खिलाफ बंगाल मुखर हो उठा है। टीएमसी के कुशासन से मुक्ति पाने के लिए बंगाल की जनता सड़कों पर उतर आई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में भी यही स्थिति थी। आज उत्तर प्रदेश में गुंडागर्दी समाप्त हो चुकी है, कर्फ्यू समाप्त हो चुका है, दंगे समाप्त हो चुके हैं। बेटियां और व्यापारी सुरक्षित हैं। लव जिहाद और लैंड जिहाद पर पूरी तरह अंकुश लगाया गया है। गोमाता को कटने और हिंदुओं को बंटने नहीं दिया जाएगा। आज उत्तर प्रदेश में यह साकार रूप से दिखाई दे रहा है। अगर कोई गोमाता की हत्या करेगा तो उसे भुगतना पड़ेगा। कोई माफिया किसी व्यापारी को धमकी देता है या किसी गरीब या व्यापारी की संपत्ति पर कब्जा करता है तो यूपी का बुलडोजर उसकी हड्डी-पसली एक कर देगा। आज उत्तर प्रदेश में राम नाम की गूंज है। "हरे राम-हरे राम, राम-राम हरे-हरे, हरे कृष्ण-हरे कृष्ण, कृष्ण-कृष्ण हरे-हरे" की गूंज है। "हर-हर महादेव" और "नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेव" की गूंज है।

### बंगाल की डेमोग्राफी...

यह बंगाल की धरा है, जिसने भारत के युवाओं की भुजाओं में नया जोश भरने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान नेता को जन्म दिया। नेताजी ने कहा था कि "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।" वह बंगाल, जो कभी कला और साहित्य के कारण भारत की सांस्कृतिक राजधानी कहलाता था और अपने कल-कारखानों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन था, उस बंगाल में ममता दीदी "जय श्रीराम" और "हर-हर महादेव" का नारा लगाने पर नाराज हो जाती हैं। उन्हें अपनी सत्ता हिलती दिखाई देने लगती है।

### आप चंद करप्ट और...

अब राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, विक्रमजीत साहनी, हरभजन सिंह भज्जी, डॉ. संदीप पाठक, स्वाति मालीवाल और राजिंदर गुप्ता को ऑफिशियल तौर पर BJP के सांसद बन गए हैं। अब राज्यसभा में भाजपा के 113 सांसद हो गए हैं। BJP जॉइन करने के बाद दोस्तों, आप लोगों के बहुत से मैसेज आ रहे हैं। कुछ लोग मुझे शुभकामनाएं दे रहे हैं, जबकि कुछ लोग मेरे इस फैसले के पीछे का रीजन जानने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए यह वीडियो बनाया है। यह उन लोगों के लिए भी है, जिन्होंने मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं देखी, उन्हें भी इससे जवाब मिल जाएगा।

### अखिलेश यादव ...

बाराबंकी जिले के जैदपुर स्थित द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज की छात्रा अंशिका वर्मा ने हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं सीतापुर की कशिश वर्मा ने 600 में 587 अंक प्राप्त किए, जबकि सीतापुर की ही छात्रा शिखा वर्मा ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 500 में 488 अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

### जस्टिस स्वर्णकांता ...

दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में निचली अदालत ने केजरीवाल समेत 24 आरोपियों को बरी कर दिया है। सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा इस केस की सुनवाई कर रही हैं। केजरीवाल उन पर हितों के टकराव का आरोप लगा रहे हैं।

उन्होंने जस्टिस स्वर्णकांता की कोर्ट में उन्हीं को हटाने की याचिका लगाई। केजरीवाल ने खुद इस केस की पैरवी की। 20 अप्रैल को जस्टिस स्वर्णकांता ने यह याचिका खारिज कर दी।

भारत सरकार के पैनल में करीब 700 वकील हैं, लेकिन जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के बेटे को सबसे ज्यादा केस मिले। इससे उनके बच्चों ने करोड़ों रुपए कमाए। यह मामला राजनीतिक रूप से संवेदन-शील है। ऐसे में इन परिस्थितियों से पक्षपात की आशंका बनती है। केजरीवाल ने कहा था कि जज RSS से जुड़े संगठन के कार्यक्रम में कई बार गई हैं।

### ईरानी विदेश मंत्री ने ...

अराघची की यह यात्रा ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। ऐसे में ईरान रूस का समर्थन मजबूत करने में जुटा है।

उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आज अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ अहम बैठक करेंगे। इसमें ईरान के साथ जारी तनाव, रुकी बातचीत और आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैठक में ईरान पर दोबारा बमबारी शुरू करने के विकल्प पर भी चर्चा हो सकती है। ईरानी विदेश मंत्री ने PAK पीएम और आर्मी चीफ से मुलाकात की- अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर से मिलकर बातचीत की। अराघची ने ओमान के सुल्तान से की मुलाकात- मस्कट में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ युद्ध और शांति बहाली पर चर्चा हुई।

### 'ईरान के पास...

व्हाइट हाउस की सहायक प्रेस सचिव ओलिविया वेल्स ने कहा कि यह बेहद संवेदनशील कूटनीतिक मामला है और अमेरिका प्रेस के जरिए बातचीत नहीं करेगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही साफ कर चुके हैं कि अमेरिका मजबूत स्थिति में है और समझौता अमेरिकी हितों को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा।

प्रशासन ने दोहराया कि ऐसा कोई समझौता नहीं होगा, जिससे ईरान परमाणु हथियार हासिल कर सके। उधर, ईरान की सरकारी मीडिया ने कहा है कि मौजूदा कूटनीतिक कोशिशों में परमाणु मुद्दे पर चर्चा शामिल नहीं होगी।

### राजस्थान में गर्मी ...

आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, गुजरात, गोवा, ओडिशा और तमिलनाडु में बहुत ज्यादा गर्म और उमस भरा मौसम हो सकता है।

### एमपी-राजस्थान...

किशनगंज में तेज आंधी और बारिश की वजह कई जगह पेड़ उखड़ गए। कटिहार में तेज आंधी-बारिश से आम की फसलों को नुकसान पहुंचा।

मध्य प्रदेश के महू, भोपाल, सीहोर और रतलाम समेत कई इलाकों में बारिश हुई। महू में शाम करीब 4 बजे तेज बारिश हुई। भोपाल के कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। सीहोर और रतलाम में भी अच्छी बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

### टीएमसी सांसद ...

पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान सिंतु संत्रा, सनातन संत्रा और राजकुमार रॉय के रूप में की गई है। दावा है कि तीनों भाजपा कार्यकर्ता हैं।

बंगाल में दूसरे चरण में 142 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए सोमवार को प्रचार थम गया। ममता ने भवानीपुर में रोड शो करके अपने चुनाव प्रचार का अंत किया। PM ने बंगाल की जनता को ओपन लेटर लिखा।

PM मोदी ने लेटर में कहा- बंगाल में रैलियों और रोड शो के दौरान ऐसा लगा जैसे मैं किसी तीर्थयात्रा पर हूं। भीषण गर्मी के बावजूद थकान महसूस नहीं हुई और मां काली के भक्तों तथा लोगों के आशीर्वाद से ऊर्जा मिलती रही।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने भवानीपुर सीट से चुनाव लड़ रहे BJP नेता सुवेंदु अधिकारी की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग वाली जनहित याचिका (PIL) खारिज कर दी। सुवेंदु भवानीपुर में ममता के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने बेहाला में जनसभा के दौरान कहा कि चुनाव के बाद भी कम से कम 60 दिनों तक केंद्रीय बल बंगाल में तैनात रहेंगे।

### 240 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के कनेक्शन काटे, पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

# चिन्नास्वामी स्टेडियम की सुरक्षा में चूक

**घटना**

नई दिल्ली। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में IPL 2026 के दौरान सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई। 24 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के मैच में 240 कैमरे बंद पाए गए। इससे मैच के दिन स्टेडियम के कई इलाकों की निगरानी ठप हो गई थी। मैच के दिन दो लोगों ने स्टेडियम के सुरक्षा उपकरणों को नुकसान पहुंचाया। इससे 240 से ज्यादा CCTV कैमरे बंद हो गए। घटना के बाद बेंगलुरु पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों व्यक्तियों ने जानबूझकर नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर सिस्टम और जरूरी फाइबर ऑप्टिक लिंक को नुकसान पहुंचाया। इससे स्टेडियम के 240 से ज्यादा कैमरे ऑफलाइन हो गए। जांच एजेंसियों को CCTV फुटेज मिला है, जिसमें दोनों आरोपी कंट्रोल रूम और पार्किंग के पास कनेक्शन बॉक्स के आसपास जाते दिखे हैं।



#### गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हो गई है

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 37 साल के मंजूनाथ और 19 साल के अब्दुल कलाम के रूप में हुई है। मंजूनाथ कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के हिरियूर का रहने वाला है। अब्दुल कलाम उत्तर प्रदेश का निवासी बताया गया है। दोनों एक सब-वेंडर कंपनी के कर्मचारी थे, जिसे स्टेडियम की डिजिटल और निगरानी सेवाओं का काम दिया गया था।

#### जांच एजेंसियों को सीसीटीवी फुटेज मिला

इस मामले की शिकायत गुरुग्राम स्थित एआई सर्विलांस कंपनी स्टैक्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी आदित्य भट्ट ने दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि दोनों आरोपी बिना अनुमति CCTV कंट्रोल रूम में घुसे और वहां उपकरणों को नुकसान पहुंचाया।



विराट कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 81 रन बनाए थे और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे।

#### बकाया भुगतान न मिलना बनी वजह

शुरुआती जांच में सामने आया है कि करीब 10 लाख रुपए के बकाया भुगतान को लेकर दोनों कर्मचारी नाराज थे। कई बार मांग के बाद भी रकम नहीं मिली, जिससे गुस्से में उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सुरक्षा व्यवस्था बाधित करने का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

## कोलकाता ने जीता आईपीएल 2026 का पहला सुपर ओवर

### नरेन ने लखनऊ को एक रन ही बनाने दिया

लखनऊ, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स ने IPL 2026 के पहले सुपर ओवर मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को हराकर जीत दर्ज की। इकाना स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन बनाए।

जवाब में लखनऊ ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 155 रन बनाकर मैच टाई किया। आखिरी गेंद पर मोहम्मद शमी ने सिक्स लगाकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सुपर ओवर में कोलकाता की ओर से सुनील नरेन ने गेंदबाजी करते हुए लखनऊ को 1 रन पर रोका और दो विकेट झटके। इसके जवाब में रिंकू सिंह ने चौका लगाकर जीत दिलाई।

इस मुकाबले के हीरो रिंकू सिंह रहे। उन्होंने 51 गेंदों पर नाबाद 83 रन बनाए। रिंकू ने फील्डिंग में 5 कैच भी लपके। उन्होंने ऐडन



मार्करम, मुकुल चौधरी, हिम्मत सिंह, जॉर्ज लिंडे और सुपर ओवर में रोवमन पॉवेल का बाउंड्री पर उछाला हुआ कैच लिया।

रविवार को लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता की शुरुआत खराब रही और टीम ने 93 रन पर 7 विकेट गंवा दिए। यहां से रिंकू सिंह ने पारी संभाली और 51 गेंदों पर नाबाद 83 रन बनाए। उन्होंने आखिरी ओवर में दिग्वेश राठी की गेंदों पर लगातार 4 छक्के लगाए। उनकी पारी में 7 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। आखिरी ओवर में 26 रन बने और कोलकाता ने 156 रन का लक्ष्य दिया।

## लंदन मैराथन, केन्या के सेबेस्टियन 1:59:30 टाइमिंग निकालकर

### दूसरे स्थान पर रहे इथियोपियाई धावक 11 सेकेंड पीछे रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्या के सेबेस्टियन सावे 2 घंटे से कम समय में मैराथन पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने लंदन मैराथन में 1:59:30 का समय लेकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले रिकॉर्ड केल्विन किपटम के नाम था। उन्होंने 2023 शिकागो मैराथन में 2:00:35 का समय लिया था। सावे ने इसे 65 सेकेंड से सुधारा। उन्होंने एलियुड किपचोगे के 2019 के अनौपचारिक 1:59:40 रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। दूसरे स्थान पर इथियोपिया के योमिफ केजेलचा रहे, जिन्होंने 1:59:41 का समय लिया। वे भी दो घंटे से कम में दौड़ पूरी करने में सफल रहे। युगांडा के जैकब किप्लिमो ने 2:00:28 के समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।



इस कामयाबी में तकनीक का भी बड़ा योगदान रहा। सावे और केजेलचा ने एडिडास के 'Adizero Adios Pro Evo 3' जूते पहनकर दौड़ लगाई। इनकी कीमत 500 डॉलर (करीब 41,700 रुपए) है और वजन 97 ग्राम है। कंपनी के अनुसार ये 30% हल्के हैं और रनिंग इकोनॉमी 1.6% तक बेहतर करते हैं। 31 साल के सबास्टियन सावे की यह चौथी मैराथन थी और उन्होंने अब तक हर मैराथन जीती है। उन्होंने करियर की शुरुआत 1500 और 5000 मीटर रेस से की थी, फिर क्रॉस कंट्री और हाफ मैराथन में आए। लंदन मैराथन में उन्होंने पहली हाफ 60:29 में और दूसरी हाफ 59:01 में पूरी की।

#### इथियोपिया की टिगस्ट ने अपना वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

इथियोपिया की टिगस्ट असेफा ने 2:15:41 के समय के साथ महिलाओं में अपना ही वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने पिछले साल लंदन में 2:15:50 में मैराथन पूरी कर रिकॉर्ड बनाया था। केन्या की हेलेन ओबिरी और जॉयसिलिन जेपकोसगेई दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

### लखनऊ के खिलाफ मैच में आपा खोया, बाउंड्री पर बल्ला मारा और हेलमेट फेंका

## कोलकाता के अंगकृष रघुवंशी पर मैच फीस का 20% जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के विकेटकीपर अंगकृष रघुवंशी पर IPL कोड ऑफ कंडक्ट उल्लंघन के लिए मैच फीस का 20% जुर्माना लगाया गया है।

रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के खिलाफ मुकाबले के दौरान रघुवंशी मैदान पर अपना आपा खो बैठे थे।

अंपायर के आउट देने के बाद उन्होंने जिस तरह नाराजगी जताई, उसे IPL प्रबंधन ने अनुशासनहीनता माना है। जुर्माने के साथ उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया है। यह घटना KKR की पारी के 5वें ओवर की है। 4.6 ओवर में अंगकृष रघुवंशी अजीबोगरीब तरीके से आउट दिए गए। प्रिंस यादव की



गेंद पर उन्होंने मिड-ऑन की ओर शॉट खेला और रन के लिए दौड़े, लेकिन बीच में ही लौटना पड़ा।

क्रीज में पहुंचने की कोशिश में वे डाइव लगाते हुए लाइन से बाहर चले गए और इस दौरान गेंद की दिशा में उनका मूवमेंट हुआ। थ्रो मोहम्मद शमी ने किया। थर्ड अंपायर ने रिप्ले देखकर फैसला दिया कि रघुवंशी ने गेंद की लाइन में आकर फील्डिंग में बाधा डाली, इसलिए उन्हें ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड आउट दिया गया।



डगआउट में पहुंचकर उन्होंने हेलमेट भी फेंक दिया था।

**आईपीएल के बयान के मुताबिक रघुवंशी ने कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन किया है। यह नियम मैच के दौरान उपकरण, कपड़ों या ग्राउंड फिटिंग्स के साथ दुर्व्यवहार से जुड़ा है। रघुवंशी ने गलती स्वीकार कर मैच रेफरी की सजा मंजूर कर ली है। लेवल-1 मामलों में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है।**

#### सुपर ओवर तक मुकाबला, रिंकू सिंह ने जिताया मैच

विवाद के बावजूद मुकाबला रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने 20 ओवर में 155 रन बनाए और मैच सुपर ओवर में गया। KKR के लिए रिंकू सिंह ने नाबाद 83 रन बनाकर टीम को संभाला। लखनऊ ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर मैच सुपर ओवर तक पहुंचाया, लेकिन अंत में कोलकाता ने जीत दर्ज की। रिंकू सिंह को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

**मनोरंजन**

### म्यूजिकल इवेंट में दो बार नेचर्स कॉल का इशारा किया, गर्लफ्रेंड गौरी भी बेटे के साथ पहुंचीं

## बेटे की फिल्म का गाना देख रो पड़े आमिर खान

नई दिल्ली, एजेंसी

आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बनी उनके बेटे जुनैद खान और साई पल्लवी स्टारर फिल्म एक दिन 1 मई को रिलीज हो रही है। रविवार को मुंबई में फिल्म का म्यूजिकल इवेंट रखा गया था, जिसमें आमिर की गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट भी बेटे के साथ पहुंची थीं।

म्यूजिकल इवेंट में आमिर खान ने एक्ट्रेस साई पल्लवी और बेटे जुनैद खान के साथ बैठकर फिल्म देखी। इस बीच एक्टर काफी भावुक नजर आए। एक हिस्से में गाना देखकर



आमिर रो पड़े और वहीं बैठे-बैठे अपनी टी-शर्ट से आंसू पोछते दिखे। कुछ देर बाद उन्होंने फिल्म का गाना भी गुनगुनाया।

इसके अलावा भी इवेंट से आमिर खान का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वो मंच पर माइक थामे खड़े हैं। इवेंट के होस्ट उन्हें कुछ कहते हैं, तभी आमिर, नेचर्स कॉल का इशारा करते हुए कहते हैं, 'दो मिनट जाकर आऊं?' ये देख वहां मौजूद हर कोई हंस पड़ा। यही नही, इवेंट के बीच का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें भी आमिर नेचर्स कॉल का इशारा कर झुककर इवेंट से निकलते नजर आ रहे हैं।

**फिल्म एक दिन से साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। मंसूर खान और आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म को सुनील पांडे ने डायरेक्ट किया है। फिल्म को 1 मई को हिंदी के अलावा तेलुगु और तमिल भाषा में रिलीज किया जाएगा।**



#### आमिर खान ने साई पल्लवी को कहा, देश की बेस्ट एक्ट्रेस

इवेंट में फिल्म पर बात करते हुए आमिर खान ने फिल्म एक दिन की लीड एक्ट्रेस साई पल्लवी को देश की बेस्ट एक्ट्रेस कहा है। उन्होंने कहा, अगर मैं आज अपने दिल पर हाथ रखकर कहूं तो मेरे लिए साई कंट्री की बेस्ट एक्ट्रेस हैं। इवेंट में आमिर खान की गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट भी बेटे के साथ पहुंची थीं। उन्होंने बेटे का हाथ थामे एंट्री ली और उसे संभालती नजर आईं।



## रणबीर कपूर ने नहीं खिंचाई आदित्य रॉय के साथ फोटो

### कहा- आदित्य ज्यादा हैंडसम है मुंबई में दोनों साथ नजर आए

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर्स रणबीर कपूर और आदित्य रॉय कपूर हाल ही में मुंबई में एक इवेंट के दौरान साथ नजर आए। इस दौरान दोनों के बीच गजब की बॉन्डिंग देखने को मिली। पैपराजी के सामने रणबीर ने मजाकिया अंदाज में आदित्य के साथ फोटो क्लिक कराने से मना कर दिया। मुंबई की एक सड़क पर जब दोनों एक्टर्स पैपराजी को पोज दे रहे थे, तब एक फोटोग्राफर ने उनसे साथ में फ्रेम में आने की रिक्वेस्ट की। इस पर रणबीर ने तुरंत मजाकिया अंदाज में कहा, नहीं, इसके साथ नहीं, ये बहुत हैंडसम है। रणबीर की यह बात सुनकर आदित्य हंस पड़े और उन्होंने हल्के से रणबीर को धक्का मारा।

रणबीर और आदित्य की दोस्ती काफी पुरानी है। फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में रणबीर ने 'बनी' और आदित्य ने उनके सबसे अच्छे दोस्त 'अवि' का किरदार निभाया था। अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी। फिल्म में दीपिका पादुकोण और कल्कि केकलां भी मुख्य भूमिकाओं में थीं। ऑफ-स्क्रीन भी दोनों अक्सर साथ में समय बिताते नजर आते हैं।

## बागेश्वर बाबा के बयान पर भड़के रितेश देशमुख

### कहा था- जिम्मेदारी छोड़ना चाहते थे शिवाजी महाराज

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख, बागेश्वर बाबा के उस बयान पर भड़क गए, जिसमें उन्होंने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज युद्ध से थककर जिम्मेदारियां छोड़ना चाहते थे। अब एक्टर ने इस पर रिएक्ट करते हुए कहा है कि ये अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि विवाद बढ़ने पर बागेश्वर बाबा ने माफी मांग ली है।

नागपुर में आयोजित एक इवेंट में बागेश्वर बाबा ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर बयान देते हुए कहा, शिवाजी महाराज युद्ध से थककर अपनी जिम्मेदारियां छोड़ना चाहते थे। वो अपने गुरू समर्थ रामदास के पास मुकुट लेकर पहुंचे थे।

बयान सामने आने के बाद से बागेश्वार बाबा की जमकर आलोचना की जाने लगी। इस पर रितेश देशमुख भी भड़क गए, जो जल्द ही छत्रपति शिवाजी महाराज पर बनी फिल्म राजा शिवाजी में नजर आने वाले हैं। उन्होंने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से मराठी में लिखा है, जब कोई आकर हमारे पूज्य देवता के बारे में गलत और उल्टा-सीधा बोलता है, तो एक शिव-प्रेमी और शिव-भक्त के लिए यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं है और गुस्सा आना स्वाभाविक है। आगे उन्होंने लिखा, 'ऐसी बेकार कोशिशें, जो उन्हें किसी दायरे में बांधने की कोशिश करती हैं, समय के साथ खत्म हो जाएंगी। लेकिन जैसे सह्याद्रि की पर्वत श्रृंखलाएं लाखों सालों से कायम हैं, वैसे ही वह एक नाम आने वाले करोड़ों सालों तक बना रहेगा। और वह नाम है, प्रताप पुरंदर, क्षत्रिय कुल के, सिंहासन के स्वामी, सम्राटों के सम्राट, धन्य राजाशिव छत्रपति शिवाजी महाराज।'




### दावा- एनआरआई से शादी के नाम पर ठगे 9.35 करोड़, कहा- गलत खबर फैलाने वालों के खिलाफ लीगल एक्शन लेंगे

## साउथ एक्ट्रेस पर लगे धोखाधड़ी के आरोप

नई दिल्ली। साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस और बिग बॉस तेलुगु की कंटेस्टेंट रह चुकीं आशु रेड्डी के खिलाफ हाल ही में हैदराबाद में धोखाधड़ी के आरोप में शिकायत दर्ज हुई है। आरोप हैं कि एक्ट्रेस ने एक एनआरआई से 9.35 करोड़ की ठगी की है। चर्चा में आने के बाद अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर रहा है कि वो अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एक्शन लेंगीं। आशु रेड्डी ने हाल ही में आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा, "मेरी अनुमति के बिना जो भी खबर या गलत जानकारी फैल रही है, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सम्मान रखें।"

हाल ही में धर्मेंद्र नाम के एनआरआई सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने हैदराबाद में एक्ट्रेस समेत 3 के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार, धर्मेंद्र नाम के सॉफ्टवेयर इंजीनयिर एनआरआई साल 2018 में अपने परिवार से मिलने हैदराबाद आए थे। यहां एक कॉमन दोस्त ने उनकी मुलाकात एक्ट्रेस आशु रेड्डी से करवाई। आशु ने बताया था कि वो अमेरिका में पढ़ाई कर रही हैं। जल्द ही दोनों की दोस्ती हो गई, जबकि धर्मेंद्र तलाकशुदा थे। दोनों की बात शादी तक पहुंच गई। आशु ने उनसे शादी का वादा किया और कहा कि उन्हें तलाकशुदा होने से कोई दिक्कत नहीं है। कुछ समय बाद आशु ने एजुकेशन लोन चुकाने के नाम पर धर्मेंद्र से पैसे लिए और फिर फ्लैट, गोल्ड और कार समेत कई महंगीं चीजें खरीदने के लिए पैसे लिए। रिपोर्ट में एक पुलिसकर्मी के हवाले से लिखा गया है, एक्ट्रेस ने धर्मेंद्र से सालों तक पैसे लिए, लेकिन फिर 2020 में शादी की बात पर कुछ समय तक रुकने के



लिए कहा। 2020 में दोनों परिवारों को शादी के लिए मुलाकात करनी थी, लेकिन तब एक्ट्रेस ने शादी से इनकार कर दिया। जब धर्मेंद्र ने शादी टूटने पर पैसे वापस मांगे, तो एक्ट्रेस ने रकम लौटाने से साफ इनकार कर दिया।

# आरोपी हॉलीवुड फिल्म से प्रभावित था, हीरोइन को इम्प्रेस करने के लिए फायरिंग की

# 1981 में भी होटल में अमेरिकी राष्ट्रपति पर हुई थी फायरिंग

चर्चा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में शनिवार रात सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट्स डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी मौजूद थे। यह घटना वॉशिंगटन हिल्टन होटल में हुई। करीब 60 साल पुराना यह होटल अपने एम (M) आकार के डिजाइन के लिए जाना जाता है। यहां लंबे समय से व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट्स डिनर होता आ रहा है। इसके अलावा फर्स्ट लेडी लंच और नेशनल प्रेयर ब्रेकफास्ट जैसे बड़े कार्यक्रम भी यहीं आयोजित होते हैं। इस होटल का इतिहास भी काफी चर्चित रहा है। करीब 45 साल पहले यहीं तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे।



अमेरिकी राष्ट्रपति रोगन रीगन पर 1981 में गोलीबारी हुई थी। तब वे हिल्टन होटल परिसर में थे।

यह हमला जॉन डब्ल्यू हिंकली जूनियर ने किया था। उसने एक फिल्म अभिनेत्री को प्रभावित करने के लिए राष्ट्रपति पर 1.7 सेकेंड में छह गोलियां चला दी थीं।


हिंकली ने 1980 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान तत्कालीन प्रेसिडेंट जिमी कार्टर का पीछा किया। इस दौरान वह अलग-अलग रैलियों में उन्हें मारने के मकसद से जाता रहा। टेनेसी के एक कार्यक्रम में वह कार्टर के बिल्कुल करीब पहुंच गया था, लेकिन उसके हाथ में एक बैग देख पुलिस को शक हुआ।

पुलिस ने तलाशी ली तो उसमें 3 हैंडगन रखी हुई थीं। इसके बाद उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। उस पर गैरकानूनी हथियार रखने का मामला बना, लेकिन यह सीधे 'राष्ट्रपति पर हमला' करने का केस नहीं बन पाया, क्योंकि उसने गोली चलाने की कोशिश नहीं की थी। उसे कुछ समय के लिए हिरासत में रखा गया, लेकिन बाद में जमानत मिल गई।

## रीगन पांच बार बचे, छठी गोली का निशाना बने

घटना 30 मार्च 1981 की है। रीगन वाशिंगटन डीसी में एक मीटिंग में शामिल होने के बाद अपनी कार की तरफ जा रहे थे। उनके चारों तरफ मीडिया और लोगों की भीड़ थी। अचानक उसी भीड़ से निकलकर एक शख्स ने रीगन पर फायरिंग शुरू कर दी। रीगन पर पांच गोलियां दागी गईं, लेकिन वे हर गोली से बच गए। छठी गोली से भी वे बच ही गए थे, लेकिन वह बुलेटप्रूफ कार के शीशे से टकराकर फिर से रीगन के पास लौटी और उनके सीने में जा धंसी। उस अफरातफरी में रीगन को शुरुआत में पता भी नहीं चला कि उन्हें गोली लगी है। उन्हें तब अहसास हुआ जब खांसते समय उनके मुंह से खून निकलने लगा। वह जमीन पर गिर गए। जॉर्ज वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उनकी हालत इतनी गंभीर हो गई थी कि वे मौत से कुछ ही मिनट दूर थे।

हालांकि, डॉक्टरों ने उनके सीने से गोली समय पर निकाल ली, जिससे उनकी जान बच गई। इस घटना में रीगन के 3 सहयोगियों को भी गोली लगी, लेकिन वे भी रीगन की तरह बच गए। गोली चलाने वाले जॉन हिंकली को मौके पर ही पकड़ लिया गया।



जॉन हिंकली की पुलिस हिरासत में खींची गई तस्वीर

## हिंकली ने 18 बार टैक्सी ड्राइवर फिल्म देखी थी

गोली चलाने वाला हिंकली लंबे समय से मानसिक समस्याओं से जूझ रहा था। उसे पहचान बनाने और मशहूर होने की सनक थी। 1976 में आई फिल्म 'टैक्सी ड्राइवर' ने उस पर खूब असर डाला था। इस फिल्म का एक किरदार प्रेसिडेंशियल कैंडिटेट को मारने की कोशिश करता है। चूंकि उसने एक भ्रष्ट नेता को मारने की कोशिश की थी, लोगों की नजर में एक हीरो बन जाता है। उसने यह फिल्म 18 बार देखी थी।

# नॉर्थ डकोटा की विधायक लिज कॉनमी की विमान दुर्घटना में मौत

## पायलट की भी गई जान, मिनियापोलिस में हुआ हादसा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के मिनियापोलिस में शनिवार को टेकऑफ के तुरंत बाद छोटे विमान के जमीन से टकराने के बाद आग लगने से उत्तर डकोटा की राज्य प्रतिनिधि लिज कॉनमी और पायलट जो कैस की मौत हो गई। दोनों ही विमान में सवार थे।

यह हादसा मिनेसोटा के ब्रुकलिन पार्क में हुआ, जहां विमान क्रिस्टल एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद नीचे गिर गया और आग की चपेट में आ गया। 58 वर्षीय की लिज कॉनमी फार्गो की रहने वाली थीं। वे चार बच्चों की मां थीं और 2023 से राज्य प्रतिनिधि के रूप में सेवा दे रही थीं। वे दूसरा कार्यकाल हासिल करने की तैयारी में थीं।

अभी तक दुर्घटना का कारण पता नहीं चल सका है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) ने पुष्टि की है कि विमान में दो लोग सवार थे। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड



(NTSB) इस दुर्घटना की जांच कर रहा है।

विमान बीच एफ33ए मॉडल का था, जिसमें सिर्फ दो लोग सवार थे। दुर्घटना दोपहर से ठीक पहले हुई। उत्तर डकोटा के गवर्नर केली आर्मस्ट्रांग ने कहा कि खेरस्ती और मैं इस दुखद नुकसान से बहुत दुखी हैं। हम उनकी परिवार, दोस्तों और साथी विधायकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

उत्तर डकोटा डेमोक्रेटिक-नॉनपा-र्टिसन लीग पार्टी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वे पूरी तरह टूट चुके हैं और दिल टूट गया है। पार्टी ने लिज कॉनमी की मौत को राज्य के लिए गहरा नुकसान बताया।

फास्ट न्यूज

## भ्रष्टाचार मामले में पीएम नेतन्याहू की गवाही फिर टली

तेल अवीव। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे में उनकी गवाही दोबारा टाल दी गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोमवार को दो महीने के अंतराल के बाद उनकी गवाही फिर शुरू होनी थी, लेकिन अंतिम समय में इसे स्थगित कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू के वकील अमित हदद ने अदालत के सामने विशेष सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कार्यवाही टालने की मांग की थी।

## ईरान के हमलों के बीच यूएई ने मांगी थी मदद

नई दिल्ली। ईरान अमेरिका युद्ध के बीच जब संयुक्त अरब अमीरात (UAE) पर भी हमले होने लगे, तो उन दिनों इजरायल ने अपना मशहूर आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम संयुक्त अरब अमीरात (UAE) को भेजा था।

इस बात का खुलासा अमेरिकी न्यूज चैनल एक्सियोस ने किया है। इस मामले की जानकारी रखने वाले इजरायली और अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से उन्होंने अपनी रिपोर्ट में इस जानकारी को बताया। उनकी रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ आयरन डोम ही नहीं, यरुशलम ने इस एयर डिफेंस सिस्टम को चलाने के लिए सैनिक भी भेजे थे।

## उत्तर कोरिया युद्ध स्मारक

सियोल शहर। उत्तर कोरिया ने रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए अपने सैनिकों की याद में एक बड़ा स्मारक और सैन्य संग्रहालय खोल दिया है। यह आयोजन प्योंगयांग में किया गया, जिसमें उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने भी हिस्सा लिया। सरकारी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह स्मारक रूस के कुर्स्क क्षेत्र को यूक्रेन से मुक्त कराने की पहली वर्षगांठ पर खोला गया।

# स्पेन में खौफनाक खेल, 300 फीट ऊंची स्लिंगशॉट राइड का केबल टूटा

## स्पेन के सेविले में स्लिंगशॉट झूले का केबल टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्पेन के सेविले शहर में एक मेले के दौरान खतरनाक हादसा हो गया, जब 'स्लिंगशॉट' स्टाइल के झूले का केबल अचानक टूट गया। यह झूला लोगों को करीब 300 फीट की ऊंचाई तक तेज रफ्तार से उछालता है। हादसे के वक्त झूले में दो बच्चे सवार थे, यह खौफनाक पल तब जब आया जब राइड का केबल हवा में टूट गया, जिससे दो बच्चे हवा में ही लटके रह गए। केवल टूटते ही कैप्सूल अचानक नीचे गिरने लगा और सपोर्ट पोल से टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह दृश्य बेहद डरावना था, जिससे वहां मौके पर मौजूद लोग चीखने लगे। इस खौफनाक हादसे में दो बच्चे घायल हो गए, साथ ही दो और लोग भी घायल बताए जा रहे है। क्योंकि टूटी हुई राइड का मलबा ऊपस से नीचे जमीन पर आ गिरा था। स्पेन की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम के एक प्रवक्ता ने बताया कि रात 8.20 बजे राइड के दौरान हुई



दुर्घटना के बाद, दमकलकर्मियों ने स्टील मैक्स राइड वाले इलाके को चारों ओर से घेरकर सुरक्षित कर दिया है। चार लोगों को मामूली चोटें आई थीं और उनका इलाज मौके पर ही किया गया, हालांकि राइड में बैठे हुए दो बच्चों को बाद में मेडिकल सेंटर ले जाया गया। स्थानीय पुलिस ने तुरंत ही राइड से जुड़े दस्तावेजों की जांच की और अब इस पूरे मामले की जांच की कमान राष्ट्रीय पुलिस ने संभाल ली है। आपको बता दें कि इस रोमांचक मनोरंजन में स्प्रिंग-प्रोप-ल्शन सिस्टम या इलास्टिक केबल्स का उपयोग करके दो लोगों के कैप्शूल को 300 फीट से अधिक ऊंचाई तक 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवा में उछाला जाता है।

# कल घर पर सुसाइड कार से हमला हुआ, राष्ट्रपति सुरक्षित जगह ले जाए गए

# माली के रक्षामंत्री सादियो की बम धमाके में मौत

**बमाको, एजेंसी**

माली के रक्षा मंत्री सादियो कामारा की बम धमाके में मौत हो गई। शनिवार को राजधानी बमाको से करीब 15 किमी दूर काटी शहर में उनके घर पर आत्मघाती कार से हमला किया गया।

हमले में सादियो की दूसरी पत्नी और दो पोते भी मारे गए। यह जानकारी उनके परिवार और अधिकारियों ने दी। एक रिश्तेदार ने रॉयटर्स को उनकी मौत की पुष्टि की, जबकि उनके साले ने फेसबुक पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

हमले के पीछे अल-कायदा से जुड़ा जिहादी संगठन JNIM और तुआरेग विद्रोही समूह FLA का गठजोड़ बताया जा रहा है। दोनों संगठनों ने मिलकर यह हमला किया। इस हमले के साथ ही देश के कई हिस्सों में भी हिंसा भड़क गई। बमाको, गाओ, किदाल और सेवरे समेत कई शहरों में गोलीबारी और धमाकों की खबरें सामने आई हैं।

रिपोर्टों के मुताबिक राष्ट्रपति असीमी गोइता को सुरक्षित जगह ले जाया गया क्योंकि उनके घर को भी निशाना बनाया गया था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, वे केवल रक्षा मंत्री ही नहीं, बल्कि सैन्य शासन के सबसे ताकतवर चेहरों में शामिल थे।



सादियो को माली के भविष्य के संभावित नेता के रूप में भी देखा जा रहा था।



## माली के सेना में अधिकारी रह चुके थे रक्षामंत्री सादियो

रक्षा मंत्री सादियो कामारा माली की सैन्य सरकार के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। वे पेशे से सैन्य अधिकारी थे और लंबे समय तक सेना में सेवा देने के बाद शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचे।

2020 और 2021 में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद उनका कद तेजी से बढ़ा और वे सत्ता के केंद्र में आ गए। रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने माली की सुरक्षा नीति तय करने में अहम भूमिका निभाई।

कामारा को माली और रूस के बीच बढ़ते सैन्य संबंधों का प्रमुख सूत्रधार माना जाता था। उनके कार्यकाल में माली ने फ्रांस और पश्चिमी देशों से दूरी बनाकर रूस के साथ सहयोग बढ़ाया।

# बेनेट-लैपिड अपनी पार्टी का विलय करेंगे, 2021 में दोनों ने मिलकर बेंजामिन को हराया था

# इजराइल में नेतन्याहू को हटाने एकजुट हुए दो पूर्व प्रधानमंत्री

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों नफ्ताली बेनेट और येर लैपिड ने मौजूदा पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ एक साथ चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उनका मकसद लंबे समय से सत्ता में रहे नेतन्याहू को हटाना है।

दोनों पहले भी 2021 में साथ आए थे और उन्होंने अलग-अलग विचारधाराओं वाली पार्टियों को जोड़कर 12 साल से चली आ रही नेतन्याहू की सत्ता गिरा दी थी।

अब दोनों नेताओं ने फिर से साथ आने का फैसला किया है। उन्होंने तय किया है कि अपनी-अपनी पार्टियों को मिलाकर एक नई पार्टी बनाई जाएगी, जिसकी अगुवाई बेनेट करेंगे। बेनेट की छवि एक कट्टरपंथी यहूदी राष्ट्रवादी नेता की रही है। वे लंबे समय से दक्षिणपंथी राजनीति से जुड़े रहे हैं और फिलिस्तीन मुद्दे पर उनका रुख काफी सख्त माना जाता है। वे वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों के समर्थक रहे हैं और फिलिस्तीनी राज्य बनाने के विचार के खिलाफ भी रहे हैं। उनका मानना रहा है कि इजराइल की सुरक्षा सबसे ऊपर है और इस मामले में किसी तरह की ढील नहीं दी जानी चाहिए।



इजराइल में अक्टूबर 2027 में चुनाव होने हैं लेकिन माना जा रहा है कि नेतन्याहू इसी साल संसद भंग कर चुनाव करा सकते हैं।

## 2022 में टूट गया था गठबंधन

2021 में हुए समझौते के तहत पहले बेनेट प्रधानमंत्री बने और बाद में लैपिड को यह जिम्मेदारी संभालनी थी। हालांकि यह सरकार बहुत कम बहुमत पर टिकी थी।

इसमें दक्षिणपंथी, वामपंथी, मध्यमार्गी और एक अरब पार्टी शामिल थी। इनकी अलग-अलग विचारधारा वाली इन पार्टियों में सुरक्षा, फिलिस्तीन और बस्तियों जैसे मुद्दों पर सबकी सोच अलग थी, जिससे बार-बार टकराव होता रहा।

आखिरकार हालात ऐसे बन गए कि सरकार चलाना मुश्किल हो गया। तब बेनेट और लैपिड ने संसद भंग करने का फैसला किया और नए चुनाव कराए गए।

इसमें नेतन्याहू की जीत हुई और वे फिर से सत्ता में लौट आए। तब से लैपिड विपक्ष के नेता हैं, जबकि बेनेट कुछ समय के लिए राजनीति से दूर हो गए थे।

लैपिड की पार्टी का कहना है कि इस कदम का मकसद विपक्ष को एकजुट करना, आपसी झगड़ों को खत्म करना और आने वाले अहम चुनाव जीतने पर पूरा ध्यान लगाना है।

इसके उलट, लैपिड को एक धर्मनिरपेक्ष और उदार सोच वाला नेता माना जाता है। उनकी राजनीति ज्यादा व्यावहारिक और संतुलित मानी जाती है। वे शहरी मध्यम वर्ग, प्रोफेशनल लोगों और उदार विचारधारा वाले मतदाताओं में काफी लोकप्रिय हैं।

लैपिड के लिए यह गठबंधन बहुत अहम माना जा रहा है। उनकी पार्टी येश अतीद इस समय विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है और संसद में 24 सीटें हैं, लेकिन हाल के सर्वे बताते हैं कि अगली बार यह घटकर सिर्फ 5 सीटें रह सकती हैं।

# सेंसेक्स 639 अंक बढ़कर 77,304 पर बंद

## निफ्टी में 195 अंक की तेजी रही

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में आज यानी 27 अप्रैल को बढ़त रही। सेंसेक्स 639 अंक की तेजी के साथ 77,304 पर बंद हुआ। निफ्टी में 195 अंक की बढ़त रही, ये 24,093 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज ऑटो, IT, मेटल, मीडिया और फार्मा शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही।

सन फार्मा के शेयर में आज 6.83% की तेजी रही। कंपनी ने जानकारी दी है कि वह अमेरिका की ऑर्गेनॉन एंड कंपनी को खरीदने जा रही है। यह पूरी डील 11.75 बिलियन डॉलर (करीब 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा) की वैल्यू पर पूरी तरह कैश में होगी।

ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 106 डॉलर प्रति बैरल के पार



निकल गई हैं। बाजार में तेल की मजबूत डिमांड और 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' को लेकर चिंता बढ़ी है जिस वजह से ये तेजी आई है। हॉर्मुज को तेल की सप्लाई के लिए सबसे अहम रास्ता माना जाता है।

इससे पहले बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार 24 अप्रैल को सेंसेक्स 1000 अंक (1.29%) की गिरावट के साथ 76,664 पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 275 अंक (1.14%) गिरकर 23,898 के


# आपत्ति : ईरान ने पाकिस्तान पर लगाया अमेरिका के प्रति पक्षपात का आरोप

# 'वो अपने वादे से पलटे, भरोसा नहीं कर सकते'

- ईरानी सांसद ने पाकिस्तान की मध्यस्थता पर गंभीर आपत्ति जताई
- पाकिस्तान को अमेरिका के हितों का ध्यान रखने वाला बताया गया
- ईरान के विदेश मंत्री बातचीत जारी रखने के प्रयास कर रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की कोशिशों के बीच पाकिस्तान की भूमिका पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। रविवार को एक ईरानी सांसद ने इस्लामाबाद की मध्यस्थता की क्षमता पर गंभीर आपत्ति जताते हुए उसे पक्षपाती बताया। ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति आयोग के प्रवक्ता और दश्तेस्तान से सांसद इब्राहिम रजाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट करते हुए कहा कि, एक मध्यस्थ को पूरी तरह निष्पक्ष होना चाहिए, लेकिन पाकिस्तान इस कसौटी पर खरा नहीं उतरता। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान हमेशा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के हितों को ध्यान में रखता है और अमेरिका के खिलाफ खुलकर नहीं बोलता। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान का दौरा किया, जहां उन्होंने सेना प्रमुख आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इससे पहले अराघची ओमान भी गए थे, जहां उन्होंने सुल्तान हैथम बिन तारिक अल-सईद के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा और कूटनीतिक मुद्दों पर चर्चा की थी।



वहीं, बातचीत की रफ्तार धीमी पड़ने के बीच डोनल्ड ट्रंप ने कहा है कि, अगर ईरान बातचीत करना चाहता है, तो उसे खुद आगे आना होगा। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका ने पाकिस्तान में प्रस्तावित वार्ता को रद कर दिया है।

## इस्लामाबाद हमेशा ट्रंप के हितों का रखता है ध्यान

रजाई ने कहा कि पाकिस्तान भले ही ईरान का अच्छा पड़ोसी और दोस्त हो, लेकिन बातचीत के लिए वह भरोसेमंद मध्यस्थ नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका ने पहले पाकिस्तान के जरिए दिए गए प्रस्ताव को स्वीकार किया था, लेकिन बाद में अपने वादे से पीछे हट गया, जिसकी जानकारी पाकिस्तान ने दुनिया के सामने नहीं रखी। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका ने लेबनान और जब्त की गई संपत्तियों को लेकर भी कई वादे किए थे, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। ऐसे में एक निष्पक्ष मध्यस्थ की भूमिका निभाने के बजाय पाकिस्तान एक पक्ष की तरफ झुका हुआ नजर आता है।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन हुआ


## अब सभी एक्सपोर्ट पर ड्यूटी जीरो हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत-न्यूजीलैंड के बीच सोमवार (27 अप्रैल) को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) साइन हो गया है। अब भारत से न्यूजीलैंड भेजे जाने वाले लेदर प्रोडक्ट्स, टेक्सटाइल, प्लास्टिक और इंजीनियरिंग गुड्स जैसे सामानों पर कोई एक्सपोर्ट ड्यूटी नहीं लगेगी। जिससे इन श्रम-प्रधान क्षेत्रों यानी लेबर इंटेंसिव सेक्टर्स को सीधा लाभ होगा।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसे एक पीढ़ी में एक बार होने वाला समझौता बताया। वहीं मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री पीयूष गोयल ने इसे भारत-न्यूजीलैंड आर्थिक संबंधों में नए अध्याय की शुरुआत बताया है।

पीयूष गोयल ने कहा कि यह FTA विश्वास, साझा मूल्यों और टिकाऊ आर्थिक विकास के साझा




विजन को दर्शाता है। यह समझौता भारत के लिए ओशिनिया और प्रशांत द्वीपीय बाजारों तक पहुंचने का गेटवे भी बनेगा। सर्विस सेक्टर में भारत ने IT, शिक्षा, फाइनेंशियल सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन और टूरिज्म जैसे हाई-वैल्यू सेक्टरों में बाजार पहुंच हासिल की है। समझौते के तहत AYUSH, योगा इंस्ट्रक्टर्स, इंडियन शेफ और म्यूजिक टीचर्स के लिए भी रास्ते खुलेंगे। FTA में एक नया टेम्परेरी एम्प्लॉयमेंट एंट्री वीजा का रास्ता बनाया गया है। इसके तहत हर साल 5,000 भारतीय स्किल्ड प्रोफेशनल्स न्यूजीलैंड में 3 साल तक काम कर सकेंगे।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96